# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात करते महेन्द्र सिंह धोनी


• बोकारो, शनिवार 31 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 254 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित







झारखंड निकाय चुनाव में कानून व्यवस्था को लेकर आयोग गंभीर

# निकाय चुनाव में जरूरत पड़ने पर पैरामिलिट्री फोर्स की होगी तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर सियासी गहमागहमी तेज हो गई है। नामांकन की प्रक्रिया जारी है, जो 4 फरवरी तक चलेगी। इन सबके बीच 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग, इन दिनों विधि व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहा है। बैलेट पेपर के जरिए होने वाले मतदान के लिए 4304 बूथ बनाए गए हैं जिसमें अतिसंवेदनशील बूथों की संख्या 896 है। 2445 संवेदनशील बूथ हैं जबकि नॉर्मल बूथों की संख्या सिर्फ 963 है। इस प्रकार से देखा जाए तो नगर निकाय चुनाव में दो तिहाई बूथ प्रशासनिक दृष्टि से संवेदनशील हैं। राज्य निर्वाचन आयोग बूथों की संवेदनशीलता को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर जिलों



में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार इस संबंध में जिलों को निर्देश दिया जा चुका है। जिला स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक धनबाद में सबसे ज्यादा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथ बनाए गए हैं। धनबाद नगर निगम के लिए होने वाले चुनाव में कुल 974 बूथों में 643 संवेदनशील और 169 अतिसंवेदनशील बूथ बनाए गए हैं जबकि 158 सामान्य बूथ है। दूसरे नंबर पर रांची नगर निगम क्षेत्र में संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों की संख्या है। इस नगर निगम क्षेत्र में 510 संवेदनशील और अतिसंवेदनशील 128 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां कुल 909 बूथों में से 271 सामान श्रेणी के बूथ हैं। इसी तरह से मेदिनीनगर नगर निगम में 132 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 105 संवेदनशील और 13 अतिसंवेदनशील बूथ इस चुनाव में होंगे जबकि सामान्य श्रेणी के 14 बूथ होंगे। गौरतलब है कि झारखंड में हो रहे 48 नगर निकाय क्षेत्रों के चुनाव में 9 नगर निगम हैं, 19 नगर परिषद हैं और नगर पंचायतों की संख्या 20 हैं।

# कैरव गांधी अपहरण कांड के आरोपितों के साथ पुलिस की मुठभेड़, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिले के चर्चित उद्योगपति कैरव गांधी अपहरण कांड में शामिल अपराधियों के साथ गुरुवार देर रात जमशेदपुर पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुठभेड़ बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित साईं मंदिर के समीप हुई। अपहरण कांड में गिरफ्तार तीनों बदमाशों को हथियारों की बरामदगी के लिए पुलिस साईं मंदिर के पास लेकर पहुंची थी। इसी दौरान आरोपियों ने मौके का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक दुबे के बॉडीगार्ड से कार्बाइन छीन ली और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को जवाबी फायरिंग करनी पड़ी जिसमें तीनों अपराधियों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान गुड्डू सिंह, इमरान और रमीज राजा के रूप में हुई है। तीनों आरोपी बिहार के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल से खोखे भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने साईं मंदिर के पास छिपाकर रखे गए तीन पिस्टल भी बरामद किए हैं। इस घटना के बाद शहर में पुलिस की कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। कुछ लोग इसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम बता रहे हैं जबकि कुछ इसे 'ऑपरेशन लंगड़ा' से जोड़कर देख रहे हैं। इससे पहले भी सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में एक बदमाश मुठभेड़ के दौरान घायल हो चुका है। गौरतलब है कि 13 जनवरी 2026 को बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के सीएच एरिया निवासी उद्योगपति देवांग गांधी के पुत्र कैरव गांधी का अपहरण कर लिया गया था। पुलिस ने 27 जनवरी को हजारीबाग जिले के बरही के पास से कैरव गांधी को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया था। इसके बाद अपहरण में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मानगो थाना में रखकर पूछताछ की जा रही थी। फिलहाल पुलिस तीनों बदमाशों के आपराधिक नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मलांचा नेचर पार्क का गार्ड लापता

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नाला प्रखंड स्थित मां मलांचा नेचुरल पार्क से कार्यरत गार्ड सजल मंडल लापता हो गए हैं। उनकी गुमशुदगी की सूचना नाला थाना में दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लगभग 21 वर्षीय सजल मंडल बुधवार, 28 जनवरी को शाम करीब 4:30 बजे घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। उनकी ड्यूटी रात से सुबह 5 बजे तक थी। ड्यूटी खत्म होने के बाद जब वह घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। उनका मोबाइल फोन लगातार स्विच ऑफ मिला।

### महिला का अधजला शव मिलने से सनसनी

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** बगोदर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत बेको पश्चिमी पंचायत के बंगाली पुल के निकट से अधजली हालत में एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी है। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच में जुट गयी है। फिलहाल बरामद महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई है।

### अज्ञात महिला का शव बरामद

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सेक्टर-6 थाना अंतर्गत बोकारो स्टील सिटी कॉलेज के समीप झाड़ियों से अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। शव देख इलाके में सनसनी फैल गई है। सुबह मॉर्निंग वॉक को निकले लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। इस संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने महिला की हत्या कर बाहर से लाकर यहां फेंक दिया है।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने की आत्महत्या

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** नगर क्षेत्र से एक विचलित कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां निजी बैंक में कार्यरत एक 46 वर्षीय आउटसोर्सिंग कर्मचारी आलोक परिहारी ने अपने घर पर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुरुआती जांच और मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट से यह स्पष्ट हो रहा है कि वह बैंक द्वारा दिए गए काम के दबाव और लक्ष्यों को पूरा न कर पाने के कारण गहरे अवसाद में थे। बैंक कर्मी आलोक परिहारी टांगरानी गांव के निवासी थे।

# ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने नावाटोली डुमरडीह बाईपास से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 18 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसका कुल वजन 7.10 ग्राम है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अमित कुमार साहु, शिरोमणि कुमार और सचिन कुमार नावाटोली डुमरडीह बाईपास पर ब्राउन शुगर का कारोबार कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों ने एक छापामारी दल का गठन किया। छापामारी टीम शाम करीब 7:30 बजे मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर एक स्कूटी पर सवार तीन लड़के भागने लगे। भागने के दौरान स्कूटी पर पीछे बैठा एक लड़का गिर गया, जबकि स्कूटी सवार अन्य दो लड़के फरार हो गए। गिरफ्तार किए गए लड़के की पहचान अमित कुमार साहु के रूप में हुई।

# दामाद ने ससुर, पत्नी और साली को चाकू से गोदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया में एक दामाद ने अपनी पत्नी, ससुर एवं साली को चाकू से गोद डाला है। इस घटना में ससुर की मौत हो गई है जबकि पत्नी और साली गंभीर रूप से जख्मी है। दोनों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। घटना को अंजाम देने वाला दामाद फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। हैदरनगर के सोवा भरवा के रहने वाले लवकुश यादव का कुछ वर्ष पहले पूजा कुमारी के साथ विवाह हुआ था जो पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया के रहने वाले सुनील यादव की बेटी है। लवकुश यादव दिल्ली में मजदूरी करता था। गुरुवार की देर शाम वह दिल्ली से मजदूरी कर वापस लौटा था और किसी बात को लेकर ससुराल में पत्नी और ससुर के साथ उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद लवकुश यादव ने चाकू से अपने ससुर, पत्नी और साली पर हमला कर दिया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय ग्रामीण एवं पुलिस की मदद से सभी जख्मी को इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के क्रम में सुनील यादव की मौत हो गई जबकि पत्नी और साली का इलाज अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है और पूरे मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम भी करवाया जा रहा है।

# कोयला लदी मालगाड़ी बेपटरी, गार्ड घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन पर फुलबसिया रेलवे स्टेशन साइडिंग के पास शुक्रवार को कोयला लदी एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के गार्ड नितेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मालगाड़ी की आधा दर्जन से अधिक बोगियां पटरी से उतर गईं। घायल गार्ड नितेश कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मालगाड़ी को इंजन से जोड़ते समय



इंजन की गति अधिक होने के कारण यह हादसा हुआ। यह मालगाड़ी दादरी के लिए कोयला लेकर जा रही थी। दुर्घटना के कारण फुलबसिया साइडिंग पर लोडिंग के लिए आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। हालांकि दूसरे रेलवे ट्रैक पर परिचालन जारी है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। धनबाद रेल मंडल के उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है और रेलवे विभाग के आईटी, पीडब्ल्यूआई, ओएचई, स्टेशन मास्टर सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि फुलबसिया साइडिंग से प्रतिदिन लगभग 10 रैक कोयला विभिन्न राज्यों के लिए भेजा जाता है।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड**

**बोकारो इस्पात संयंत्र**

सेल SAIL **बोकारो स्टील सिटी -827001, झारखण्ड, भारत**

**आवश्यक सूचना**

बोकारो स्टील प्लांट के तत्वावधान में आयोजित होने वाले **सेल-बोकारो हॉल्फ मैराथॉन Half Marathon)** के आलोक में आगामी 01 फ़रवरी, 2026 (दिन : रविवार) को निम्नलिखित सड़कों पर आवागमन पूरी तरह बंद रहेगाः

| सड़क का विवरण | आवागमन के लिए बंद किए जाने का समय |
|---|---|
| गांधी चौक, सेक्टर 4 से पत्थरकट्टा चौक, सेक्टर 5 का दोनों लेन | प्रातः 6 बजे से 11.00 बजे तक |
| पत्थरकट्टा चौक, सेक्टर 5 से शास्त्री चौक, सेक्टर 6 का दोनों लेन | प्रातः 6 बजे से 11.00 बजे तक |
| एम के एम स्टेडियम, सेक्टर 4 से एसआरयू मोड़ | प्रातः 6 बजे से 11.00 बजे तक |
| एम के एम स्टेडियम, सेक्टर 4 से हटिया मोड़, सेक्टर 5 | प्रातः 6 बजे से 11.00 बजे तक |

अतः जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए आगामी 01 फ़रवरी, को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन करें.

सेल-बोकारो हॉल्फ मैराथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी सूचित किया जाता है कि वे वैकल्पिक मार्ग से अपने निर्धारित समय के अनुसार (दौड़ शुरु होने से आधा घंटा पहले) एम के एम स्टेडियम, सेक्टर 4 पहुंचना सुनिश्चित करें.

**आदेशानुसार,**
**नगर प्रशासन विभाग,**
**सेल / बोकारो स्टील प्लांट**

**पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नयी दिल्ली-110003**

*हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल*


# राज्यपाल एवं सीएम समेत अन्य नेताओं ने बापू को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज पुण्यतिथि मनायी गयी। उनकी पुण्यतिथि पर पूरा देश बापू को उनके योगदान के लिए याद कर रहा है। इस मौके पर रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। तमाम दफ्तरों में बापू की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत तमाम नेताओं ने बापू का संदेश सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की बात दोहराई। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बापू वाटिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग



पर चलते हुए महात्मा गांधी ने संपूर्ण विश्व को मानवता और करुणा का संदेश दिया था। उनके विचार और आदर्श सदैव सभी को प्रेरित करते रहेंगे। राज्यपाल ने लोकभवन में भी बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान के लिए उन्होंने केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संदेश में कहा कि बापू का सत्य, अहिंसा और न्याय का मार्ग हमारे लोकतंत्र और सामाजिक जीवन की आधारशिला है। उनका जीवन हमें मानवता, करुणा और नैतिक साहस के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर सभी ने बापू वाटिका में बापू को प्रिय ' रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीड परायी जाणे रे' गीत सुना। इस दौरान मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और राज्यसभा सांसद महुआ माजी मौजूद थीं। श्रद्धांजलि सभा के बाद राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और सांसद महुआ माजी ने तस्वीरें खिंचवाई। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बापू को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए नमन किया है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बापू को नमन करते हुए कहा कि वे सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। झारखंड भाजपा की ओर से कहा गया है कि बापू ने स्वच्छता को संस्कार बताया और पीएम मोदी ने उसे देशव्यापी जन आंदोलन बना दिया। बापू ने खादी को स्वावलंबन की पहचान बताया और पीएम मोदी ने खादी को भारत की पहचान बनाकर दुनिया के मंच तक पहुंचा दिया। बापू के सपनों को संकल्प की जरूरत थी और पीएम मोदी ने वह संकल्प लिया, सपनों को संजोया और उन्हें हकीकत में बदल दिया।






C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली खंभे से टकराई कार, ट्रांसफार्मर के नीचे दबी गाड़ी

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल के नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलही चौक के पास शुक्रवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार में जा रही हुंडई कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा टूटकर गिर गया और उस पर लदा ट्रांसफार्मर सीधे कार के ऊपर आ गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा देर रात या अहले सुबह का प्रतीत होता है। सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर सड़क किनारे बिजली खंभे और ट्रांसफार्मर के नीचे दबी कार पर पड़ी तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। कार का नंबर बीआर 06 सीडी 7610 बताया जा रहा है, जिससे वाहन की पहचान की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने नदी थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। कार में किसी के फंसे होने की आशंका को देखते हुए आसपास के लोगों ने काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन कार के अंदर कोई नहीं मिला। इससे यह स्पष्ट हो गया कि चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है। हादसे में बिजली खंभा और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय लोगों को घंटों अंधेरे और परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग को भी घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया गया। विद्युत विभाग निर्मली के सहायक अभियंता (एईई) पिंटू कुमार ने बताया कि दुर्घटना में विभाग को भारी क्षति हुई है। ट्रांसफार्मर और बिजली खंभे को नुकसान पहुंचा है, जिसकी क्षति का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### भोजपुर में धान चोरी के शक में झड़प:दंपती समेत तीन की पिटाई

**आरा,भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर में धान चोरी के शक से विवाद हुआ। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें एक दंपति समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला चौरी थाना क्षेत्र के धनछुहां गांव का है। जख्मियों को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। पीड़ित पक्ष ने गांव के ही चार लोगों पर सामूहिक रूप से हमला करने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। जख्मी हुए लोगों की पहचान धनछुहां गांव निवासी 55 साल के गणेश रजक, उनकी 50 साल की पत्नी इंदू देवी और 17 साल का बेटा विकास रजक के रूप में हुई है। सभी को शरीर के अलग-अलग हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़ितों की हालत स्थिर बताई जा रही है। जख्मी गणेश रजक ने बताया कि चार-पांच दिन पहले उनके खलिहान से तीन बोझा धान चोरी हो गया था। चोरी की आशंका को लेकर वह लगातार सतर्क थे। जब वह खलिहान की ओर गए, तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और उनके चेहरे पर टॉर्च की रोशनी डालने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद लोगों ने अचानक लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया। गणेश रजक की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी इंदू देवी और बेटा विकास रजक बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और दोनों की भी जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में तीनों जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पीड़ित पक्ष के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गांव में फिलहाल तनाव की स्थिति बनी हुई है, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

### कृषि पदाधिकारी को दो दिनों की रिमांड

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) सुधीर कुमार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने 19 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उत्तर बिहार विशेष निगरानी कोर्ट ने गुरुवार को निगरानी ब्यूरो की चार दिनों की रिमांड अर्जी पर सुनवाई के बाद उन्हें दो दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने का फैसला सुनाया। आज से डीएओ को रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड के दौरान निगरानी अधिकारी सुधीर कुमार से उनकी संपत्ति और निवेश के स्रोतों के बारे में गहन पूछताछ करेंगे। यह जांच उनकी आय से अधिक संपत्ति के पहलुओं को भी कवर करेगी। निगरानी विभाग की टीम ने 3 जनवरी को मुजफ्फरपुर के जगदीशपुरी स्थित सुधीर कुमार के निजी आवास पर जाल बिछाया था। डीएओ को साहेबगंज में तैनात आत्मा के तकनीकी सहायक संतोष कुमार से 19 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।गिरफ्तारी के तुरंत बाद पटना स्थित उनके आवास पर भी छापेमारी की गई। इस दौरान जांच अधिकारियों को 13 लाख रुपये नकद, 250 ग्राम सोने-चांदी के गहने, कई बैंक खातों के दस्तावेज और बेनामी संपत्ति के कागजात बरामद हुए हैं। मामला संतोष कुमार के पुनर्नियोजन से जुड़ा है। डकरामा गांव निवासी संतोष कुमार 2019 में भ्रष्टाचार के एक मामले में कटरा से निलंबित होकर जेल जा चुके थे।

# कैथी लिपि से हिन्दी में अनुवाद का रेट तय

## अब लोगों को नहीं होगी परेशानी



**पटना, एजेंसी।** कैथी लिपि में लिखे पुराने भूमि अभिलेख और दस्तावेज अब आम लोगों के लिए परेशानी का कारण नहीं बनेंगे। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने कैथी लिपि के दस्तावेजों के अनुवाद को आसान बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने 29 प्रशिक्षित कैथी लिपि परामर्शदाताओं को सूचीबद्ध कर उनकी सेवाएं राज्य के सभी जिलों में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्षों से राज्य के नागरिकों को पुराने भूमि दस्तावेजों के अनुवाद में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विशेषज्ञ परामर्शदाताओं की व्यवस्था की है, ताकि अब किसी भी नागरिक को परेशानी न हो। यह पहल न केवल राजस्व मामलों के निष्पादन को सरल और पारदर्शी बनाएगी, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी मजबूत करेगी।

विभागीय सचिव जय सिंह ने इसके लिए राज्य के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा और उपमुख्यमंत्री के भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के दौरान यह बात सामने आई थी कि जिलों में कैथी लिपि के जानकार विशेषज्ञों की कमी है। इससे लोगों को पुराने दस्तावेजों के अनुवाद में भारी दिक्कत हो रही थी। पत्र में यह भी बताया गया है कि विभागीय दक्षता परीक्षा में सफल 29 परामर्शदाताओं को पांच दिवसीय विशेष आवासीय प्रशिक्षण दिया गया है। इन परामर्शदाताओं की सेवाएं विभागीय कार्यों के साथ-साथ आवश्यकता अनुसार जिलों में भी ली जा सकेंगी। इसके अलावा आम नागरिक भी स्वेच्छा से इनकी सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे।

अनुवाद शुल्क को लेकर विभाग ने स्पष्ट किया है कि कैथी लिपि से देवनागरी लिपि में अनुवाद के लिए प्रति पृष्ठ 220 रुपये की दर तय की गई है। यह भुगतान सेवा लेने वाले व्यक्ति या संस्थान द्वारा सीधे परामर्शदाता को ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। नकद भुगतान की अनुमति नहीं होगी। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों से अनुरोध किया है कि जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित कैथी लिपि परामर्शदाताओं की सेवाएं ली जाएं, ताकि आम जनता को पुराने दस्तावेजों के अनुवाद में राहत मिल सके और राजस्व से जुड़े मामलों का निपटारा अधिक पारदर्शी और सरल हो सके।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा सूचीबद्ध 29 प्रशिक्षित कैथी लिपि परामर्शदाताओं को जिलों की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन, विभागीय कार्यालय या आवश्यकता पड़ने पर आम नागरिक सीधे इन परामर्शदाताओं से अनुवाद कार्य ले सकेंगे।

परामर्शदाता को कैथी लिपि में लिखे दस्तावेजों का सही और प्रमाणिक रूप से देवनागरी लिपि में अनुवाद करना होगा। अनुवाद कार्य विभागीय मामलों के साथ-साथ आम नागरिकों के दस्तावेजों के लिए भी किया जा सकेगा।

अनुवाद के लिए प्रति पृष्ठ 220 रुपये की निर्धारित दर लागू होगी। भुगतान सीधे सेवा लेने वाले संस्थान या आम नागरिक द्वारा ऑनलाइन माध्यम से परामर्शदाता के खाते में किया जाएगा। अनुवाद शुल्क का नकद भुगतान मान्य नहीं होगा। सभी भुगतान डिजिटल माध्यम से ही किए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

## पी.एम.सी.एच. को मिला नया अधीक्षक, डॉ.राजीव कुमार सिंह संभालेंगे कमान



**पटना, एजेंसी।** सरकार ने पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का नया अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह को बनाया है। डॉ. राजीव कुमार सिंह 31 जनवरी को पीएमसीएच पटना में पदभार ग्रहण करेंगे। डॉ. राजीव पीएमसीएच पटना में फिजियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष हैं। दो बार एक्सटेंशन लेकर इस पद पर बने रहे डॉ. आई.एस. ठाकुर को इस बार सरकार ने आगे एक्सटेंशन नहीं दिया, क्योंकि वे कई तरह के विवादों में घिर गए थे।

डॉ. राजीव कुमार सिंह बेगूसराय के रहने वाले हैं। पिता स्वर्गीय बंगाली सिंह मालतीधारी कॉलेज नौबतपुर में प्रिंसिपल थे। तीन भाईयों में बड़े भाई डॉ. रंजन कुमार सिंह गया में सिविल सर्जन से रिटायर हुए हैं। सबसे छोटे भाई राकेश सिन्हा बीजेपी से राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। डॉ. राजीव कुमार सिंह ने प्रारंभिक पढ़ाई नौबतपुर से की। पीएमसीएच से पोस्ट ग्रेजुएट किया और भागलपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई की। वर्ष 2010 में पीएमसीएच ज्वाइन किया।

पीएमसीएच को 5400 बेड का अस्पताल बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय पहचान देना चाहते हैं। इसलिए भव्य बिल्डिंग ही नहीं बनी है, बल्कि यहां डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्टाफ की खाली पदों को सरकार भरने वाली है। इस अस्पताल में बिहार के मरीजों का बेहतर इलाज हो सके इसलिए सरकार ने ईमानदार छवि वाले डॉक्टर राजीव कुमार सिंह को अधीक्षक बनाया है।

## बेगूसराय में घर के ऊपर 11 हजार वोल्ट तार गुजरा

**बेगूसराय, एजेंसी।** प्रखंड की सावंत पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी कैलाश महतो ने अपने आवासीय घर के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज बिजली तार को हटाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने बेगूसराय स्थित बिजली विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय में लिखित आवेदन दिया है।

कैलाश महतो ने बताया कि उच्च वोल्टेज तार उनके घर के ठीक ऊपर से गुजर रहा है, जिससे परिवार लगातार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। उन्हें आशंका है कि किसी भी समय तार टूटने या करंट प्रवाहित होने से बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जान-माल की क्षति की संभावना बनी रहती है।

आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि उनका मकान खाता संख्या 73 और खेसरा संख्या 27.98 की जमीन पर स्थित है। घर के ऊपर से गुजर रहे इस तार के कारण वे मकान की मरम्मत तक नहीं करा पा रहे हैं और किसी तरह का नया निर्माण कार्य भी संभव नहीं हो पा रहा। बारिश, तेज हवा और आंधी के समय परिवार की चिंता और बढ़ जाती है।

कैलाश महतो ने बिजली विभाग से आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 11 हजार वोल्ट के तार को उनके घर के ऊपर से हटाकर सुरक्षित दूरी पर स्थानांतरित करने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसा होने से उनके परिवार को राहत मिलेगी और संभावित दुर्घटना का खतरा टल सकेगा।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस स्थिति को गंभीर बताते हुए चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि आबादी वाले क्षेत्र के ऊपर से हाई वोल्टेज लाइन गुजरना खतरे का संकेत है।

# नालंदा में बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का एक सुनहरा अवसर है। जिला नियोजनालय और SIS RTA बहियारा (आरा) के संयुक्त देखरेख में सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के कुल 300 पदों पर भर्ती के लिए विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार शिविर 30 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक जिले के पांच अलग-अलग प्रखंडों में लगाई जाएगी।

जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि इस भर्ती अभियान में सुरक्षा जवान के 225 पद और सुरक्षा सुपरवाइजर के 75 पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों के लिए योग्यताः स्नातक पास युवाओं को सुरक्षा सुपरवाइजर के 75 पदों पर आवेदन का मौका मिलेगा। इसके लिए उम्मीदवार की आयु 20 से 40 साल के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम ऊंचाई 170 सेमी निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 25,000 से 30,000 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा। सुरक्षा जवान के 225 पदों के लिए दसवीं पास युवा आवेदन कर सकते हैं। इसमें आयु सीमा 18 से 40 साल और न्यूनतम ऊंचाई 165 सेमी रखी गई है। इन पदों पर चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को 18,000 से 28,000 रुपए मासिक वेतन मिलने की संभावना है।



जिला नियोजनालय ने युवाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के पांच प्रमुख प्रखंडों में शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। सभी शिविर सुबह 10:30 बजे से शुरू होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार निकटतम प्रखंड में उपस्थित हो सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने स्पष्ट किया कि शिविर में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों का राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जो युवा अभी तक पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं, वे शिविर से पहले अपना पंजीयन करा लें।

एक महत्वपूर्ण बात यह है कि केवल सफल अभ्यर्थियों को ही पंजीयन शुल्क देना होगा। इससे पहले किसी भी प्रकार का शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने युवाओं को सतर्क रहने की सलाह दी है और कहा कि यदि कोई व्यक्ति शिविर से पहले पैसे की मांग करता है, तो उसकी तत्काल शिकायत करें।

# बेगूसराय में इंटर परीक्षा के लिए बनाए गए 39 केंद्र

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारी कर ली हैं। परीक्षा 2 से 13 फरवरी 39 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें 16480 छात्र एवं 21455 छात्रा सहित 37935 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा प्रथम पाली में 09:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 02:00 बजे से 05:15 बजे तक संचालित होगी। दोनों पालियों में परीक्षा प्रारंभ होने से पहले 15 मिनट का कूल-ऑफ समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा की शुरुआत 2 फरवरी को प्रथम पाली में जीव विज्ञान तथा द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र विषय से होगी।

मुख्य द्वार पर सघन तलाशी ली जाएगी, जबकि महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला कर्मियों द्वारा सुरक्षित घेरे में की जाएगी। परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्रों के भीतर जूता-मोजा पहनकर प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परीक्षार्थियों को केवल चप्पल पहनकर ही प्रवेश की अनुमति होगी।

मोबाइल फोन सहित कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों



पर प्रतिबंध परीक्षार्थियों के साथ-साथ वीक्षकों एवं अन्य कर्मियों पर भी लागू होगा। प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी निकासी एवं खोलने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। प्रथम पाली के प्रश्न-पत्र 8:00 बजे से पहले तथा द्वितीय पाली के प्रश्न-पत्र 11:30 बजे से पूर्व किसी भी स्थिति में नहीं निकाले जाएंगे।

डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा है परीक्षा कार्य में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को इन्टरमीडिएट परीक्षा सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने का आदेश दिया गया है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बेगूसराय अनुमंडल में 22 केंद्रों पर 24490 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे

कुल 39 परीक्षा केंद्र में सबसे अधिक बेगूसराय अनुमंडल में 22 केंद्रों पर 24490 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। तेघड़ा अनुमंडल में 5 केंद्रों पर 4775, मंझौल अनुमंडल में 4 केंद्रों पर 2317, बखरी अनुमंडल में 4 केंद्रों पर 2705 तथा बलिया अनुमंडल में 4 केंद्रों पर 3,648 परीक्षार्थियों को आवंटित किया गया है।

विधि-व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा केंद्रों पर धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगा। परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट, कॉपियर एवं डुप्लीकेटर के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा।

# देर रात रेलिंग तोड़ नहर में गिरी कार, दो लोगों की मौके पर मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले में एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना देवरिया थाना क्षेत्र के देवरिया रोड स्थित एकम्मा चौक के पास तिरहुत नहर पर बने संकरे पुल के पास हुई। देर रात करीब एक बजे कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। देवरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। कार को नहर से बाहर निकालने के लिए क्रेन मंगाई गई, जिसकी मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल काफी संकरा और जर्जर हालत में था। अंधेरा और तेज रफ्तार हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल की मरम्मत की मांग पहले से की



सन्नी कुमार
मृतक JE



जा रही थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। यदि पुल मजबूत होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।

देवरिया थाना प्रभारी मनोज कुमार साह ने बताया कि कार पुल की रेलिंग तोड़कर तिरहुत नहर में गिर गई थी। इस हादसे में कार सवार दोनों लोगों की डूबने से मौत हो गई है। शवों को बाहर निकाल लिया गया है और उनकी पहचान कर ली गई है। दोनों मृतक पटना में बिजली विभाग में कार्यरत बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गुरुवार देर रात जेई सन्नी कुमार स्टाफ अफजल कुमार के साथ कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 1-2 बजे के आसपास उनकी कार वैशाली नहर में जा गिरी। रात का वक्त था, इसलिए मदद नहीं मिल पाई। सन्नी और अफजल गाड़ी के साथ रातभर नहर में ही रहे। सुबह जब गांव वालों ने नहर में पड़ी कार देखी तो आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

नहर में पानी ज्यादा था, इसलिए सन्नी और अफजल गाड़ी के गेट नहीं खोल पाए। कार के अंदर ही दम घुटने से उनकी मौत हो गई। सुबह क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। फ्रंट सीट पर सन्नी और पीछे वाली सीट पर अफजल की बॉडी पड़ी मिली। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

कार के अंदर पूरा सामान बिखरा हुआ है। फ्रंट ग्लास भी थोड़ा क्रेक हुआ है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि सन्नी और अफजल दोनों ने मौत से पहले कार से बाहर निकलने के लिए हर संभव कोशिश की। पीछे वाली सीट के हैंडल भी टूटे मिले हैं। बताया जा रहा है कि उसके लोहे से दोनों ने गाड़ी के शीशे तोड़ने की कोशिश की होगी।

पुलिस ने बताया कि दोनों मृतक शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में रहकर ड्यूटी करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही उनके परिजनों को जानकारी दी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है। देवरिया थानाध्यक्ष मनोज कुमार साह ने बताया कि 'शुरूआती जांच में यह सड़क हादसे का मामला लग रहा है। संभवतः कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके पहुंचने के बाद दिए गए बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि हादसा किस समय हुआ और कार की स्पीड कितनी थी।'

### बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की दुकान में चोरी

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में गुरुवार रात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला सारे थाना क्षेत्र के बहादी बीघा गांव के पास की है। चोरों ने बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की दुकान को अपना निशाना बनाया है। बहादी बीघा स्थित मां भगवती ट्रेडर्स में करकट तोड़ कर बदमाशों ने लैपटॉप, नगद और हिसाब-किताब की डायरी की चोरी कर ली है।मां भगवती ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अखिलेश कुमार ने बताया कि गुरुवार शाम वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे, तो दरवाजा खुला हुआ था और एक ईंट के सहारे उसे बंद कर रखा गया था। जैसे ही ईंट को हटाकर अंदर देखा, तो दुकान का करकट टूटा हुआ था और अंदर रखा लैपटॉप, 23 हजार नगद और 20 लाख का लेखा-जोखा का डायरी भी गायब था।अखिलेश कुमार ने बताया कि पहले गेट का ताला आसानी से टूट गया। जब दूसरे गेट का ताला नहीं टूटा, तो दुकान के पीछे से जाकर करकट तोड़ दुकान के अंदर प्रवेश कर गए और गोदरेज के अंदर रखा नगदी, लैपटॉप और डायरी चोरी कर फरार हो गए।

# रेलिंग तोड़ नहर में गिरी कार, दो मरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना देवरिया थाना क्षेत्र के देवरिया रोड स्थित एकम्मा चौक के पास तिरहुत नहर पर बने संकरे पुल के पास हुई। देर रात करीब एक बजे कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। देवरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। कार को नहर से बाहर निकालने के लिए क्रेन मंगाई गई, जिसकी मदद से



रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल काफी संकरा और जर्जर हालत में था। अंधेरा और तेज रफ्तार हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल की मरम्मत की मांग पहले से की जा रही थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। यदि पुल मजबूत होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।

देवरिया थाना प्रभारी मनोज कुमार साह ने बताया कि कार पुल की रेलिंग तोड़कर तिरहुत नहर में गिर गई थी। इस हादसे में कार सवार दोनों लोगों की डूबने से मौत हो गई है। शवों को बाहर निकाल लिया गया है और उनकी पहचान कर ली गई है। दोनों मृतक पटना में बिजली विभाग में कार्यरत बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह** । आज मधुबन में पीरटांड़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें संगठन की मजबूती पर और कुछ निष्क्रिय पंचायत अध्यक्षों को सक्रिय करने को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई बैठक में बी एल ए बनाए जाने के काम मैं तेजी लाने पर जोर दिया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा की कार्यकर्ता अपने-अपने गांव और पंचायत में लोगों के छोटे-मोटे समस्याओं को लेकर उनका समाधान करने की कोशिश करें ताकि ज्यादा से ज्यादा जनता का जुड़ाव आपकी तरफ हो सके साथ ही साथ उन्होंने कार्यकताओं से अनुरोध किया की ग्रामीण इलाकों की जर्जर सड़कों और खराब चापाकल की सूची बनाकर उपलब्ध कारण ताकि अति शीघ्र गर्मी आने से पहले इस पर कार्य किया जा सके बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी सोम मरांडी प्रवीण हेंब्रम मोहम्मद इशाक मोहम्मद अजहर एवं पूरी प्रखंड कमेटी उपस्थित थी।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उपवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार को बिहार सर्वोदय मंडल,लोक समिति,गांधी विचार मंच की ओर से सर्वोदय भवन ,कांग्रेस मैदान,कदम कुआं पटना में राष्ट पिता के मूर्ति पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि 30 जनवरी 1948 के पहले भी गांधी जी की हत्या करने कई कोशिश की गई,लेकिन हत्यारे असफल रहे,लेकिन 30 जनवरी 1948 को एक पागल व्यक्ति ने उनकी हत्या कर पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया।

बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि जिस रोशनी ने हमारी आजादी की लड़ाई में 30 वर्षों तक हमारा नेतृत्व किया, वह रोशनी दफा के लिए बुझ गया।

गांधी विचार मंच के विजय कुमार ने ऑन लाइन संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय आजादी के लक्ष्य की तरफ जो आवाज हमको लेकर आई थी, और जो हमे मुश्किलों और खतरों के प्रति सावधान करती थी,वह हत्यारों के गोली का शिकार हो गई।




लोक समिति के नित्या मिश्रा ने कही की सत्य की मशाल और गांधी जी की आवाज को खामोश नहीं किया जा सकता है,शरीर भले ही नष्ट हो गया हो,लेकिन उनका आत्मा अमर है,सत्य की आवाज आज भी पूरे दुनिया में गूंज रहा है।

बिहार सर्वोदय मंडल के महामंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि गांधी जी शहादत के बाद भी जब भी हम सत्य की रोशनी का तलाश करते है,शांति,अहिंसा की बात करते है, दुनिया में गांधी जी का ही नाम लिया जाता है।

उपवास कार्यक्रम में क्रांति बहन, सुमित कुमार ,चंदेश्वर महतो,मंगल कुमार, सुभाष यदुवंशी, मनोज कुमार, नारायण कुमार,राम विनोद चौबे, अरब भैया, जिया,मधुसूदन भाई, राजनीति भाई आदि ने उपस्थित होकर गांधी जी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया।

## छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखा हेडमास्टर ने किया रवाना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत स्थित रामनंदन उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।छपरा इंजीनियरिंग कॉलेज की शैक्षणिक परिभ्रमण छात्र छात्राएं करेंगे। प्रधानाध्यापक यादव ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण शिक्षा हासिल करने का ही एक अंग है। इससे छात्राओं को मानसिक विकास होता है साथ ही ऐतिहासिक ,तकनीकी ज्ञान से छात्र अवगत होते है।यही कारण है कि सरकार समय समय पर शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए सुविधा प्रदान करती है। परिभ्रमण यात्रा में छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक हर्षवर्धन यादव,प्रशांत कुमार,कपुर्री ठाकुर, सामर्थ्य कुमार,विजय कुमार गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता , कामिनी कुमारी, कुसुम पटवा आदि शिक्षक -शिक्षिका शामिल थे।विद्यालय से रवाना करने के दौरान उमेश कुमार पाण्डेय, दिनेश दूबे , रामेश्वर गोप ,अतुल कुमार, बृजकिशोर पासवान, राजेश कुमार, मो आसिफ , मनोज सिंह आदि शिक्षक व विद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन

**पदाधिकारियों ने छात्रों संग दौड़ लगाकर दिया यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर आज जिला परिवहन विभाग, खूँटी की ओर से रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त आर रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत सिग्नेचर कैंपेन से की गई, जिसमें उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई सहित अन्य पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों, मीडियाकर्मियों समेत अन्य ने एक-एक कर हस्ताक्षर कर यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा उपस्थित




अधिकारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों को यातायात नियमों के अनुपालन की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत उपायुक्त ने पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी प्रतिभागियों ने समाहरणालय परिसर से भगत सिंह चौक (नीचे चौक) तक दौड़ लगाकर आमजनों से यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी नागरिक यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, शराब पीकर वाहन न चलाएं तथा सड़क पर किसी घायल व्यक्ति को देखकर उसकी सहायता के लिए आगे आएं।उपायुक्त द्वारा मीडिया कर्मियों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया तथा मीडिया के माध्यम से आमजनों से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग के पदाधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर में कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 78वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बापू ने सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई।

मौके पर उपस्थित अन्य नेताओं एवं कार्यकताओं ने भी अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सादगी, त्याग और समर्पण की मिसाल है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/735, दिनांक 28.01.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3431; कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/1/हावड़ा अनुभाग में बीईक्यू, बीएलवाई, यूपीए, केओजी, आरआईएस, एसआरपी, बीडीसी, एमयूजी एवं केएचएन में गैंग हटों के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 7,43,307; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 14,900; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3532; कार्य का नामः** एडीईएन/एजेड अनुभाग के अधीन टीकेपी, एलएपी, जीएसजीबी, केजीएलई, केजेडपीई एवं बीजेडएलई स्टेशनों के निकट गैंग हटों के निर्माण के संबंध में विद्युतीय सामान्य कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 13,44,257; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 26,900; **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3529; कार्य का नामः** एईएन/केडब्ल्यूएई के अधिकार क्षेत्र के अधीन एजीएई, डीएचएई, एनबीकेएच, एसएएलई, टीवाईएई में 5 अदद गैंग हटों के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 11,56,832; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 23,100; **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3515; कार्य का नामः** पीडब्ल्यूआई/आरपीएच अनुभाग में (एचआरएनएस, केयूआरवीए, एसकेआईपी एवं जी6 यूनिट में 4 अदद), पीडब्ल्यूआई/पीकेआर अनुभाग में (जी1, जी3, जी4 एवं जी7 यूनिट में 4 अदद) तथा पीडब्ल्यूआई/एनएचटी अनुभाग में (जी2, जी3, जी4, जी5, जी6, जी7, जी8 यूनिट में 7 अदद) गैंग हटों के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 31,05,107; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 62,100; **समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 19.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-566/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है


हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# केरेडारी में अवैध कोयला और बालू से फलता-फूलता काला साम्राज्य

**ईंट भट्ठों की आड़ में करोड़ों के राजस्व की लूट, विभागीय मिलीभगत का आरोप**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी (हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कंडाबेर एवं पाताल पंचायत के हेंदेगीर क्षेत्र में अवैध कोयला और अवैध बालू के सहारे ईंट भट्ठों का एक संगठित काला साम्राज्य खड़ा किए जाने का मामला सामने आया है। कोयला माफिया और अवैध ईंट भट्ठा संचालकों की कथित जुगलबंदी से राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि पर्यावरण, जल स्रोत और आम जनता इसकी भारी कीमत चुका रही है।सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार को खनन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के कुछ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होने की चर्चा है। नियम-कानून को



दरकिनार कर अधिकारी कथित रूप से आंख मूंदे बैठे हैं, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और अवैध गतिविधियां बेखौफ जारी हैं। बिना वैध अनुमति और पर्यावरणीय स्वीकृति के अवैध ईंट भट्ठों में हजारों टन कोयला जलाया जा रहा है। ईंट निर्माण में उपयोग हो रहे कोयला और बालू की निर्बाध आपूर्ति यह सवाल खड़ा करती है कि जब आम लोगों को बालू नसीब नहीं हो रहा, तो भट्ठों तक बालू आखिर कहां से पहुंच रहा है।

अवैध बालू खनन के कारण क्षेत्र की नदियों और जल स्रोतों का अस्तित्व संकट में है। लगातार बालू उठाव से भू-जल स्तर तेजी से नीचे चला गया है। कई कुएं सूख चुके हैं और डीप बोरवेल भी जवाब देने लगे हैं, जिससे आने वाले दिनों में गंभीर पेयजल संकट की आशंका गहराती जा रही है।

जलस्तर गिरने से खेती चौपट हो रही है और रोजगार के अभाव में मजदूर पलायन को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर जंगलों की कटाई, मिट्टी का अवैध उठाव और कोयला जलाने से प्रदूषण चरम पर है। इसके बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अवैध कोयला और बालू से चल रहे ईंट भट्ठों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई और आखिर किसके संरक्षण में यह काला कारोबार फल-फूल रहा है।

## तीन दिवसीय सालाना उर्स शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनेर।** सुप्रसिद्ध सूफी संत हजरत मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह व हजरत मखदुम शाह दौलत मनेरी रहमतुल्लाह अलैह का 757 वा तीन दिवसीय सलाना उर्स मुबारक शुक्रवार को कुरानखानी, सेमनी के फतेहा के साथ ही शुरू हो गया।

इस दौरान उर्स को लेकर देश व राज्य के हर कोने कोने से अकीदतमंदों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। वही दरगाह परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया है। जिसमे अकीदतमंद मखदुम बाबा के मजार शरीफ पर फतेहा व चादरपोशी के लिए जुटे रहे। वही स्थानीय पुलिस प्रशासन व जिला बल के जवान उर्स मुबारक में पुख्ता सुरक्षा इंतेजाम में जुटे रहे।

इधर मनेर खानकाह के गद्दीनशी सैयद शाह तारिक एनयतुल्लाह फिरदोशी ने बताया कि आज शुक्रवार को कुरानखानी, सेमनी का फतेहा के साथ ही उर्स मुबारक का कार्यक्रम शुरू हो गया है।

साथ ही खानकाह के परिसर में सूफियाना कव्वाली कव्वालों के द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। वही तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक शुक्रवार को जियारत के साथ संपन्न हो जाएगा। मौके पर नगर परिषद सभापति विद्याधर विनोद, सैयद आसिफ अहमद, मो.मंउअर सहित कई लोग मौजूद थे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-138-25-26 (ओपन), दिनांक 28.01.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं.: ओ-एसी-टी-138-25-26; कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में यार्ड में छोड़े गए कंक्रीट स्लीपरों का प्रयोग कर पाथवे के प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 49,81,839.76। **बयाना राशिः** प्रत्येक के लिए रु. 99,600; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 6 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 18.02.2026 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-327/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## विधायक की गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** हाजीपुर मुजफ्फरपुर एनएच-22 काजीपुर थाना क्षेत्र के धोवघटी में मधुबनी जिले के राजनगर सुरक्षित विधानसभा सीट से विधायक सुजीत कुमार पासवान का गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें विधायक समेत पांच लोग बाल-बाल बच गए। मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार विधायक अपने दो अंगरक्षक एक सहयोगी के साथ मधुबनी से पटना लौट रहे थे। इसी दौरान धोवघटी के निकट वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार विधायक की गाड़ी आगे चल रही एक पिकअप वाहन से पीछे से टकरा गई। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिया था, जिसके कारण यह टक्कर हुई।दुर्घटना के बाद पिकअप वैन चालक मौके से फरार हो गया। विधायक सुजीत कुमार पासवान सुरक्षित हैं और घटना के बाद पटना के लिए रवाना हो गए। घटना के संबंध में विधायक के बॉडीगार्ड निरंजन कुमार ने बताया कि मधुबनी से विधान परिषद विधायक जा रहे थे, तभी काजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 22 पर धोवघट्टी के पास आगे से चलती पिकअप अचानक से ब्रेक ले लिया था और जिसके कारण पिकअप से कार टकरा गई है।

### बदला गया मतदान केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद वार्ड 4 के मतदाता जो पहले राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घोरडीहा, उत्तरी व दक्षिणी भाग में मतदान करते थे अब सामुदायिक भवन,घोरडीहा उत्तरी व दक्षिणी भाग में करेंगे मतदान विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 4 में पूर्व में अवस्थित मतदान केंद्र(राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घोरडीहा, उत्तरी व दक्षिणी भाग) रेलवे विभाग द्वारा अधिग्रहण के पश्चात भवन को ध्वस्त कर दिया गया था जिसे लेकर इनसे संबद्ध मतदाताओं के लिए नया मतदान केंद्र सामुदायिक भवन,घोरडीहा उत्तरी व दक्षिणी भाग को बनाया गया है।

## विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**गयाजी।** रामेश्वर प्रसाद प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया में 77वां गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने झंडा तोलन का कार्य में सहयोग शारीरिक शिक्षा के शिक्षक दिवाकर कुमार एवं संगीत शिक्षक प्रेम रंजन कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने राष्ट्रगान एवं झंडा गीत की प्रस्तुति की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सेवा निवृत प्रभारी प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय दिनेश्वर लाल गुप्त समाजसेवी मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव सिद्धेश्वर यादव बलराम प्रसाद में समझ में आधार का विद्यालय के कार्यक्रम शोभा बढ़ा रहे थे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने किस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह आजादी हमें कठिन परिश्रम और आंदोलन के बाद मिली। आज ही के दिन भारत का अपना संविधान अपना कानून लागू हुआ। भारत का कानून काफी लचीला है।इस कानून के तहत हमें संपूर्ण आजादी मिली है। आज देश के साथ-साथ विद्यालय विकास की ओर अग्रसर है। इस विकास को बनाए रखने के लिए शिक्षा अनिवार्य है। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों से खासकर छात्रों से संकल्प लेने को कहा कि अच्छी शिक्षा ज्ञान प्राप्त करके घर परिवार समाज का नाम रोशन करेंगे। एक बच्चे बच्ची का पढ़ना पूरा घर का पढ़ना होता है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की सरकारी नौकरी पाने से पूरे घर की स्थिति बदल जाती है। आप जानते हैं कि सरकार ने आ ा ि थ ा ॅ क विषमताओं को दूर करने के लिए सभी विद्यार्थियों को साइकिल पोशाक छात्रवृत्ति जैसी लाभकारी योजनाओं का संचालन विद्यालय में किया है आपका विद्यालय चौमुखी विकास की ओर अग्रसर है। इसलिए आवश्यक है कि आप अपने बच्चों को विद्यालय में साथ समय से भेजें। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया झंडा गीत मां सभा आयशा आशा अख्तर उसका आयशा रोशनी ने


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा **आसनसोल मंडल के तहत दुबराजपुर में जनरल माइनर यूनिट, अंडाल में स्पेशल माइनर यूनिट तथा देवघर रेलवे स्टेशन में बहुउद्देशीय स्टॉल के प्रावधान** के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए निम्नानुसार खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **(क) नीलामी सूचीपत्र सं.: सीएटीजी-जीएमयू-26-02, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, विवरण, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: **(एए/1),** सीएटीजी-एएसएन-डीयूजे-जीएमयू-13-26-1, दुबराजपुर रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर पीएफ शेड के नीचे यूडीएल छोर पर जनरल माइनर यूनिट के अंतर्गत 5 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल (6'x10' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 11.02.2026 को 12.30 बजे। **(एबी/1),** सीएटीजी-एएसएन-यूडीएल-एसएमयू-144-26-2, अंडाल रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) के प्लेटफॉर्म सं. 3-4 पर पीएफ शेड के नीचे 5 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल (6'x10' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवा का प्रावधान, अन्य पिछड़ी श्रेणियों के लिए आरक्षित, 11.02.2026 को 12.40 बजे। **(ख) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमपीएस-26-02, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, विवरण, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: **(एए/1),** एमपीएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमपीएस-31-25-1, देवघर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पुराने स्टेशन भवन पोर्टिको के सामने 5 वर्षों की अवधि के लिए बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6'x10' = 60 वर्ग फीट) का आबंटन, अनारक्षित (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में हुई विधवा, रेलवे कर्मचारियों की विधवा) के लिए चिन्हित, 11.02.2026 को 13.30 बजे।

(ASN-325/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा **आसनसोल मंडल के तहत दुबराजपुर में जनरल माइनर यूनिट, अंडाल में स्पेशल माइनर यूनिट तथा देवघर रेलवे स्टेशन में बहुउद्देशीय स्टॉल के प्रावधान** के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए निम्नानुसार खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **(क) नीलामी सूचीपत्र सं.: सीएटीजी-जीएमयू-26-02, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, विवरण, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: **(एए/1),** सीएटीजी-एएसएन-डीयूजे-जीएमयू-13-26-1, दुबराजपुर रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर पीएफ शेड के नीचे यूडीएल छोर पर जनरल माइनर यूनिट के अंतर्गत 5 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल (6'x10' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 11.02.2026 को 12.30 बजे। **(एबी/1),** सीएटीजी-एएसएन-यूडीएल-एसएमयू-144-26-2, अंडाल रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) के प्लेटफॉर्म सं. 3-4 पर पीएफ शेड के नीचे 5 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल (6'x10' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवा का प्रावधान, अन्य पिछड़ी श्रेणियों के लिए आरक्षित, 11.02.2026 को 12.40 बजे। **(ख) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमपीएस-26-02, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, विवरण, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: **(एए/1),** एमपीएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमपीएस-31-25-1, देवघर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पुराने स्टेशन भवन पोर्टिको के सामने 5 वर्षों की अवधि के लिए बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6'x10' = 60 वर्ग फीट) का आबंटन, अनारक्षित (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में हुई विधवा, रेलवे कर्मचारियों की विधवा) के लिए चिन्हित, 11.02.2026 को 13.30 बजे।

(ASN-325/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रबी उर्वरक कालाबाजारी पर जीरो टॉलरेंस, 118 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द

## राज्य में उर्वरकों की भरपूर उपलब्धता, कालाबाजारी पर सख्त प्रहार : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनियमित विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनवरी माह के दौरान पटना, गया, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, समस्तीपुर, मुंगेर, शेखपुरा, बांका, सुपौल एवं अररिया सहित कुल 16 जिलों में अनियमितता पाए जाने पर 41 उर्वरक प्रतिष्ठानों के प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए हैं। यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा एवं उर्वरकों की पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी 2026 तक राज्य में कुल 1.71 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.64 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.10 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.44 लाख मीट्रिक टन एमओपी एवं 1.06 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है जिससे किसानों की रबी फसल की आवश्यकताओं की पूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य पर विक्रय को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उर्वरक की उपलब्धता एवं मूल्य पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि रबी 2025-26 के दौरान अनियमितता के विरुद्ध 42 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा कुल 118 उर्वरक प्रतिष्ठानों का उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द किया गया है।

कृषि मंत्री ने बताया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापामारी एवं निरीक्षण के लिए मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर उड़नदस्ता दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमित रूप से छापामारी की जा रही है। राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी अथवा जमाखोरी से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री ने अधिकारियों को निदेश दिया कि प्रखण्डवार उर्वरकों का उप-आवंटन आच्छादन एवं वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा एवं भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक की मात्रा का नियमित सत्यापन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाए।

## एनटीपीसी कहलगांव तापीय विद्युत परियोजना और जिला प्रशासन के बीच विकास कार्यों को लेकर समझौता




**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के कहलगांव ताप विद्युत परियोजना और जिला प्रशासन के बीच विकास कार्यों को लेकर आज पहली बार एक एमओयू साइन किया गया। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में शुक्रवार को भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी और कहलगांव विधुत परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र पटेल की उपस्थिति में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत 03 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत वाली तीन योजनाओं को लेकर दोनों ओर से एमओयू (समझौता पत्र)पर हस्ताक्षर हुआ। इसके बाद जिला योजना पदाधिकारी मोनू कुमार और कहलगांव परियोजना के वरीय प्रबंधक (सीएसआर) के के सिंह ने एक - दूसरे को समझौता पत्र सौंपा। इस एमओयू के तहत भागलपुर स्थित भगवान प्रमंडलीय पुस्तकालय को डिजिटल पुस्तकालय के रुप में विकसित करने, दस सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं पुस्तकालय की सुविधा देने और सुरक्षा के दृष्टिकोण विभिन्न जगहों पर सीसीटीवी युक्त निगरानी चौकियों की स्थापना करना शामिल है। इसके साथ ही एनटीपीसी प्रबंधन के द्वारा आगे भी अन्य विकास कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि तीन विकास कार्यों के चालू होने से जिले के आमलोगों और विधार्थियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा भविष्य में विभिन्न अस्पतालों और विद्यालयों के विकास के लिए सीएसआर के तहत फंड देने का अनुरोध एनटीपीसी से किया गया है। इधर कहलगांव विद्युत परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र पटेल ने कहा कि इस एमओयू के अंतर्गत तीन योजनाओं की शुरुआत के लिए बहुत जल्द राशि जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी जाएगी।

# गोल का भव्य नया भवन उद्घाटित

## अब छात्रों को एक ही परिसर में सभी सुविधाएं उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आज गोला रोड, पटना में प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गोल इंस्टिट्यूट ने अपने नवनिर्मित स्वामित्व वाले अत्याधुनिक भवन का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संस्थान ने घोषणा की कि गोला रोड शाखा की सभी कक्षाएं एवं कार्यालय अब इसी नए भवन से संचालित किए जाएंगे। नया भवन छात्रों की सुविधाओं और आधुनिक शिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जिससे अब संस्थान अपनी सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेगा। यह भवन स्मार्ट बोर्ड से युक्त आधुनिक कक्षाओं, सेंट्रली एसी इंटीग्रेटेड क्लासरूम, समृद्ध लाइब्रेरी तथा अन्य सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिससे छात्रों को एक ही परिसर में उच्चस्तरीय शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। भवन का स्थान भी अत्यंत सुगम एवं सुविधाजनक है जहां शहर के विभिन्न क्षेत्रों से परिवहन की सहज उपलब्धता है जिससे छात्रों और अभिभावकों को आने-जाने में विशेष सुविधा मिलेगी। अब गोला रोड शाखा से संबंधित सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य इसी नए भवन से संचालित किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा गोल परिवार का उद्देश्य सदैव छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना रहा है। यह नया भवन हमारे उसी संकल्प का सशक्त प्रमाण है जहां छात्र आधुनिक सुविधाओं के साथ अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ. ममता सिंह ने कहा नया भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि छात्रों के सपनों को दिशा देने वाला एक समर्पित शैक्षणिक केंद्र है। यहां उपलब्ध आधुनिक सुविधाएं, अनुशासित वातावरण और शैक्षणिक सहयोग छात्रों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## आईएचएम हाजीपुर ने मेगा स्वच्छता अभियान का किया नेतृत्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** सतत पर्यटन और नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), हाजीपुर ने आज राज्यव्यापी 'मेगा पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम (टूरिज्म अवेयरनेस प्रोग्राम) का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत बिहार के चार प्रमुख स्थलों पर एक साथ गतिविधियां आयोजित की गईं– पटना का गांधी घाट, सोनपुर का हरिहरनाथ मंदिर, वैशाली का अशोक स्तंभ तथा शोहरामपुर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय। आईएचएम हाजीपुर के प्राचार्य पुलक मंडल ने इस अवसर पर कहा आतिथ्य उद्योग की नींव 'अतिथि देवो भवः' की भावना पर टिकी है और स्वच्छता, अतिथि सत्कार की पहली सीढ़ी है। आईएचएम हाजीपुर में हमारा मानना है कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इस मेगा स्वच्छता अभियान के माध्यम से हमारे छात्र न केवल प्रबंधन कौशल सीख रहे हैं, बल्कि एक स्वच्छ और सतत भारत के ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। हमारा लक्ष्य बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक स्वच्छ एवं आदर्श गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

इस अभियान का उद्देश्य विरासत संरक्षण और सार्वजनिक स्वच्छता के बीच की खाई को पाटना था। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विभागाध्यक्ष सुमित चटर्जी ने स्वच्छता और पर्यटन अर्थव्यवस्था के बीच संबंध को रेखांकित करते हुए कहा स्वच्छता आतिथ्य और पर्यटन उद्योग की रीढ़ है। इस स्वच्छता कार्य योजना के माध्यम से हम 'स्वच्छ पर्यटन' की भावना को समाज में आत्मसात कराना चाहते हैं। सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुर्तजा कमाल ने अभियान की व्यापक रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत रणनीतिक योजना हमें जमीनी स्तर तक पहुंचने में सक्षम बनाती है। आज विभिन्न जिलों में एक साथ संसाधनों को सक्रिय कर हमने यह सुनिश्चित किया है कि स्वच्छता का संदेश पूरे राज्य में गूंजे।

## एलआईसी द्वारा अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) सलील विश्वनाथ ने 28 जनवरी 2026 को लखनऊ स्थित के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025-26 का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडलीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई की सचिव (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) एस. गायत्री तथा उत्तर मध्य क्षेत्र, कानपुर के प्रादेशिक प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) अजय कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र खेल नियंत्रण बोर्ड का वार्षिक आयोजन है जिसका इस वर्ष आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जा रहा है। इसमें एलआईसी सहित 13 सार्वजनिक क्षेत्र संगठनों के लगभग 120 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सलील विश्वनाथ ने अनुशासन, एकाग्रता और सहनशीलता के विकास में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को उत्साह और खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीणा की पहल पर तथा कुलपति प्रो. डॉ. शरद कुमार यादव के निर्देश पर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ. रूपेश, कुलानुशासक सह प्रभारी, अर्थशास्त्र विभाग, प्रो. सारस, प्रो. डॉ. तुषार आर्य, पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं गायक राजेश केशरी ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वच्छता जागरूकता अभियान में स्वच्छ सर्वेक्षण की महत्ता पर जोर देते हुए पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेना कई कारणों से जरूरी है। यह सर्वेक्षण लोगों को अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। इसमें भाग लेने से शहर की स्वच्छता में सुधार के लिए सुझाव देने का मौका मिलता है। अच्छे प्रदर्शन वाले शहरों को पुरस्कार और मान्यता मिलती है जिससे शहर की प्रतिष्ठा बढ़ती है। स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है और पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। यह सर्वेक्षण सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देता है और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छता के प्रति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रयासों की चर्चा करते हुए उपस्थित लोगों को समझाया गया कि स्वच्छता देवत्व के समीप होता है। उत्तम दवा है सफाई बापू का है कहना जैसे गीतों के जरिये सबको स्वच्छ रहने और शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर जागरूकता अभियान में भाग लिया और लोकगायिका नीतू नवगीत के साथ मिलजुल कर स्वच्छता गीत गाये। स्वच्छता जागरूकता अभियान के संचालन के दौरान डॉ. मनीषा प्रकाश, डॉ. मनीष पराशर, डॉ. शाद असगर, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. राजमणि प्रसाद सिन्हा, डॉ. एच एन दिवाकर, डॉ. सचिन पांडेय, प्रो. अंगद एवं संकाय के अन्य गणमान्य प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## जीविका द्वारा नवचेतना अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** महिमा जीविका महिला विकाश स्वावलम्बी सहकारी समिति के अंतर्गत नई चेतना अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सदस्यों में आपसी सहयोग, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम में सीएलएफ से जुड़ी महिलाओं एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के माध्यम से सम्मानित किया गया।

## विश्व शांति को लेकर शांति सद्भावना मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आज प्रेम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व शांति, अहिंसा और सद्भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक भव्य 'विश्व शांति सद्भावना मार्च' का आयोजन किया गया। यह मार्च पटना युवा आवास से प्रारंभ होकर गांधी संग्रहालय तक शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। मार्च में हजारों युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं गांधी विचारों में आस्था रखने वाले नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। हाथों में शांति, प्रेम, अहिंसा और मानवता के संदेश लेकर लिए प्रतिभागियों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि आज की अशांत और संघर्षग्रस्त दुनिया में गांधी के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष गांधीवादी प्रेम जी ने विचारों में अहिंसा, कर्म में सेवा को इस अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ गांधीवादी विचारक प्रेम जी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल इतिहास नहीं हैं, वे भविष्य की दिशा हैं जब तक समाज में अन्याय, हिंसा और असमानता है, तब तक गांधी जीवित रहेंगे। गांधीवादी प्रेम जी ने गांधीजी के विचारों में अहिंसा, कर्म में सेवा को प्रेरणादायक बताया और कहा कि गांधी जी का संपूर्ण जीवन अहिंसा, सत्य, प्रेम और सामाजिक समरसता के मूल्यों पर आधारित रहा है।

## शहीद दिवस पर सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

### गांधी के विचार आज भी देश के लिए प्रासंगिक : राजेश राम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 79वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बापू के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और न्याय के मूल्यों का प्रतीक है।

## विभिन्न सामाजिक सरोकारों पर साफ दृष्टि लाना डिजिटल पत्रिका 'द सोशल साइट' का उद्देश्य : शिवदयाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** 'द सोशल साइट' स्वतंत्र, द्विभाषी मंच 'द सोशल साइट' के मुख्य संपादक मशहूर लेखक और चिंतक शिवदयाल ने कहा कि विभिन्न सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर लोगों के बीच साफ दृष्टि लाना इस नयी मासिक डिजिटल पत्रिका का उद्देश्य है। मुख्य सम्पादक ने कहा कि राजनीतिक और धर्मिक विषयों पर बोलने और उसे विश्लेषित करने के लिए पत्रिकाएं और प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं लेकिन कहीं न कहीं सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं को उस तरह का आकर्षण नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफोर्म पर प्रकाशित यह मासिक पत्रिका द सोशल साइट (सामजिक दृष्टि) ऐसी ही बौद्धिक कमी को पूरा करने के लिए एक पहल है। उन्होंने कहा कि यह पत्रिका समाज, सत्ता, कानून, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, विज्ञान और सभ्यता पर गंभीर लेखन के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में गहन लेख प्रकाशित होंगे जिससे सार्थक सार्वजनिक बहस की शुरुआत संकीर्ण भाषाई दायरों से बाहर निकल पायेगी।

## शहादत दिवस पर याद किए गए राष्ट्रपिता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति पटना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर व्यवस्थापक जीवनारायण प्रसाद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन कृत्यों को याद किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सत्य और सरलता की मूर्ति कहे जाने वाले गांधीजी का जीवन एक खुली किताब था। उन्होंने अपने जीवन में कई ऐसी बातें कही जिनका आज भी काफी महत्व है। महात्मा गांधी अपने जीवन में कई बार जेल गये, लेकिन उन्होंने देश की आजादी के लिये संघर्ष करना कभी नही छोड़ा। उनसे सभी को ये सीखना चाहिए कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार माखनलाल परामर्शीय के अलावा सभी खड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जंदाहा में गंदगी और जलजमाव से कुशल युवा कार्यक्रम के छात्र परेशान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जंदाहा (वैशाली)।** नगर पंचायत जंदाहा अंतर्गत वार्ड संख्या-06 में स्थित कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी, जंदाहा के छात्र गंदगी, कूड़ा-कचरा और जलजमाव की गंभीर समस्या से परेशान हैं। छात्रों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल में नियमित रूप से कूड़ा फेंके जाने तथा सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार पास स्थित एक भवन के किराएदारों द्वारा घरेलू कूड़ा पार्किंग क्षेत्र में फेंका जा रहा है। इस संबंध में भवन स्वामी मिथिलेश झा को कई बार अवगत कराए जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे पार्किंग स्थल कूड़ाघर में तब्दील हो गया है। कूड़ा जमा रहने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण क्षेत्र में लगातार जलजमाव बना रहता है। इससे छात्रों को वाहन खड़ा करने में कठिनाई होती है तथा गंदगी और दुर्गंध के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका बनी हुई है। संस्थान के संचालक आनंद रंजन झा एवं सहयोगियों द्वारा नगर पंचायत के सफाई कर्मियों और संबंधित अधिकारियों को कई बार सूचना दी गई, लेकिन न तो नियमित कूड़ा उठाव हो रहा है और न ही समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। इससे नगर पंचायत जंदाहा की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी में बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के तहत युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

## पटना में एसर का विस्तार, बोरिंग रोड और एस.पी. वर्मा रोड पर खुले एक्सक्लूसिव स्टोर




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दुनिया की अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनी एसर ने पटना में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करते हुए दो प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू किए हैं। बोरिंग रोड में कंपनी का तीसरा और एस.पी. वर्मा रोड में दूसरा एक्सक्लूसिव स्टोर खोला गया है जहां ग्राहकों को एसर की अत्याधुनिक तकनीक का प्रत्यक्ष और व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

# संपादकीय

## हिमालय में बर्फबारी की देरी ने डराया, जलवायु परिवर्तन की दस्तक और भविष्य का संकट

आमतौर पर तापमान में थोड़े उतार-चढ़ाव को मौसम के लिहाज से एक सामान्य स्थिति माना जाता है, लेकिन इस वर्ष हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी में जिस तरह की देरी देखी गई, उस पर स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों का ध्यान गया है। हालांकि अब पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हुई है और इसकी वजह से देश के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है। मगर इस वर्ष पहाड़ी राज्यों में जिस तरह मौसम के मिजाज में बदलाव देखा गया, बर्फबारी की सामान्य अवधि में देरी हुई, उसका सीधा संकेत यही था कि अब जलवायु परिवर्तन का असर प्रत्यक्ष रूप में सामने आने लगा है। दरअसल, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वर्ष का पहला हिमपात हुआ। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला और कश्मीर में भी उम्मीद के मुकाबले करीब दो महीनों की देरी के बाद पहली बर्फबारी हुई। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड अपने ज्यादा असर के साथ वापस लौट आई। हिमालयी प्रदेशों में आमतौर पर नवंबर-दिसंबर में इस तरह के मौसम की संभावना होती है। इसे एक सामान्य चक्र माना जाता है, जिसके असर से दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ती है। मगर इस बार अब जाकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बर्फबारी हुई है और इसके मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है। जाहिर है, इन क्षेत्रों में एक बार फिर कुछ दिनों के लिए कड़ाके की ठंड लौट सकती है और इसी के मुताबिक लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ेगी। मौसम की अपनी गति होती है और कई कारणों से उसकी अवधि आगे-पीछे हो सकती है।अगर इसके पीछे वजहें प्राकृतिक हों, तो यह ज्यादा चिंता की बात नहीं होती। मगर इससे इतर इस बार जिस तरह हिमालय के बड़े इलाके में बर्फबारी में दर्ज करने वाली गिरावट या कमी देखी गई, उससे साफ है कि वैश्विक ताप के नतीजे अब अपने व्यापक रूप में सामने आने लगे हैं। ऐसे अनेक आकलन आ चुके हैं, जिनके मुताबिक सदियों से भारत के जलवायु चक्र का आधार माने जाने वाला हिमालय आज एक चिंताजनक संकट से गुजर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र में सर्दी के मौसम में भी औसत से काफी कम बर्फबारी हो रही है। खासतौर पर जिस मौसम में पहाड़ों को बर्फ से आच्छादित देखा जाता था, उस दौरान भी अब असामान्य रूप से बर्फबारी में देरी हो रही है। यह गौरतलब है कि हिमालय के दायरे में पड़ने वाले क्षेत्रों में कई नदियों का उद्गम स्थल है और इस तरह पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों के बड़े हिस्से में खेती और लोगों की जीविका इन पर निर्भर रही है। मगर मानसून और जैव-विविधता का आधार रहा यह इलाका अब कड़ाके की ठंड में भी बिना बर्फ के सूखा रहने लगा है, जिसका असर पारिस्थितिकी पर पड़ना तय है। अब इसे मौसम में किसी सामान्य उतार-चढ़ाव के बजाय जलवायु परिवर्तन के नतीजे के तौर पर देखा जाने लगा है। वैश्विक ताप में बढ़ोतरी का एक परिणाम यह भी है कि ठंड के मौसम में अगर थोड़ी-बहुत बर्फबारी हो, तो भी वह पिघल जाती है।

**दरअसल नए नियमों में जातिगत भेदभाव का मतलब केवल अनुसूचित जाति यानी एससी, अनुसूचित जनजाति यानी एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी के खिलाफ भेदभाव बताया गया है। विवाद इसी को लेकर है । सामान्य वर्ग के छात्रों और छात्र संगठनों का आरोप है कि यह परिभाषा एकतरफा है और इसमें सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभाव या झूठी शिकायतों का कोई जिक्र नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की जनवरी में जारी गाइडलाइन के खिलाफ़ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 यानी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं है, और इसके ज़रिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है।**

# कहीं भारी न पड़ जाए गाइडलाइन पर गुस्सा

**(उमेश चतुर्वेदी)**

इस मामले में जारी विवादों पर चर्चा से पहले नए नियमों को भी देख लेना चाहिए। नए नियमों में भेदभाव को पूरी तरह अनुचित, पक्षपाती व्यवहार माना गया है। इसके तहत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ही नहीं, जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, जन्मस्थान, या विकलांगता जैसे आधार पर भी भेदभाव ग़लत माना गया है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की जनवरी में जारी गाइडलाइन के ख़िलाफ़ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 यानी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं है, और इसके ज़रिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है।

दरअसल नए नियमों में जातिगत भेदभाव का मतलब केवल अनुसूचित जाति यानी एससी, अनुसूचित जनजाति यानी एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी के खिलाफ भेदभाव बताया गया है। विवाद इसी को लेकर है । सामान्य वर्ग के छात्रों और छात्र संगठनों का आरोप है कि यह परिभाषा एकतरफा है और इसमें सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभाव या झूठी शिकायतों का कोई जिक्र नहीं है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की जनवरी में जारी गाइडलाइन के ख़िलाफ़ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 यानी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं है, और इसके ज़रिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है।

इस मामले में जारी विवादों पर चर्चा से पहले नए नियमों को भी देख लेना चाहिए। नए नियमों में भेदभाव को पूरी तरह अनुचित, पक्षपाती व्यवहार माना गया है। इसके तहत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ही नहीं, जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, जन्मस्थान, या विकलांगता जैसे आधार पर भी भेदभाव ग़लत माना गया है। इस नियम में शिक्षा में समानता को बाधित करने वाले या मानवीय गरिमा का उल्लंघन करने वाले हर काम को ग़लत माना गया है। इस गाइडलाइन के तहत हर उच्च शिक्षण संस्थान को समान अवसर केंद्र यानी ईओसी स्थापित करना जरूरी होगा। इस केंद्र का उद्देश्य संस्थान में समता, सामाजिक समावेशन एवं समान पहुँच को बढ़ावा देना तो होगा ही, साथ ही शैक्षणिक परिसरों में भेदभाव से संबंधित शिकायतों का समाधान करना भी होगा। इस गाइडलाइन के अनुसार, हर संस्थान को ईओसी के तहत एक समता समिति बनानी होगी, जिसका अध्यक्षता संस्थान का प्रमुख होगा । समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग व्यक्ति और महिला का प्रतिनिधित्व जरूरी होगा , ताकि समावेशी निर्णय-प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।

सामान्य वर्ग की आशंका की वजह है, पहले से लागू एससी और एसटी कानून, जिसके गलत




इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी टिप्पणी कर चुका है। उसके तहत बिना वजह झूठे आरोपों के चलते सामान्य जीवन ही नहीं, बल्कि सरकारी दफ्तरों तक में सामान्य वर्ग के लोगों के खि़लाफ़ झूठे मामले दर्ज किए गए हैं और उन्हें बिना वजह प्रताड़ना और गिरफ्तारी तक झेलनी पड़ी है।

उसी आलोक में यूजीसी के इस नए नियम का विरोध हो रहा है ।आलोचकों का मानना है कि इस नियम के मुताबिक़ जो इक्विटी कमेटियां यानी समानता समितियां बनेंगी, वे शायद ही निष्पक्ष रहे। यह भी कहा जा रहा है कि समानता समितियों को इस नियम के तहत जो शक्तियां दी गई गई हैं, उन्हें सामान्य वर्ग के छात्रों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। विरोध कर रहे छात्रों का यह भी कहना है कि अगर कोई गलत शिकायत दर्ज करता है, तो उसे सजा देने का प्रावधान नहीं है, इससे सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए असुरक्षित माहौल बन सकता है।

सामान्य वर्ग के बड़ा तबका इस नियम के दुरूपयोग को लेकर आशंकित हो उठा है। इसी आशंका ने वह विक्षुब्ध हो चुका है। उसका मानना है कि ये नियम शिक्षा सुधार के बजाय परिसरों में ना सिर्फ जातिवाद को बढ़ावा देगा, बल्कि सामाजिक विभाजन को भी बढ़ावा मिलेगा। इन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संस्थानों को दंडित किया जा सकता है, जिसके तहत उनकी फंडिंग रोकी जा सकती है, उनका डिग्री देने का अधिकार छीना जा सकता है और गंभीर उल्लंघन की स्थिति में उनकी मान्यता रद्द की जा सकती है।

हालांकि यूजीसी का कहना है कि यह ताजा नियम साल 2012 के उसके भेदभाव-विरोधी ढांचे की व्यवस्था को ही मजबूत करते हैं। यूजीसी का तर्क है कि उसने ये नियम उस आंकड़े के बाद लागू किए हैं, जिनके तहत पता चलता है कि उच्च शिक्षा में जातिगत भेदभाव की शिकायतों में 2019 की तुलना में 2023 में 118.4 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। वैसे हकीकत यह भी है कि यह निर्णय हैदराबाद विश्वविद्यालय में रोहित वेमुला की आत्महत्या की 10वीं वर्षगांठ और सर्वोच्च न्यायालय के 2025 के निर्देश के बाद आया है। चूंकि रोहित वेमुला केस को लेकर उस वक्त देश के तमाम केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कैंपस का राजनीतिक तापमान बढ़ गया था। तब इस आत्महत्या को बीजेपी विरोधी राजनीतिक ताकतों ने बीजेपी पर हमले के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया था तो बीजेपी समर्थकों का मानना था कि इस मामले को बेवजह भेदभाव की राजनीति का रूप दिया गया था। तब सामान्य वर्ग के छात्रों और वोटरों ने इस मुद्दे पर बीजेपी का खुलकर साथ दिया था। इसी वजह से उसे लगता है कि यूजीसी के नए नियमों से ना सिर्फ उसकी उपेक्षा हो रही है, बल्कि उनके हितों की अनदेखी की जा रही है।

एससी-एसटी उत्पीड़न के कानून को चाहे जितना भी समानता लाने वाला माना जाता हो, लेकिन जिस तरह उसके फर्जी इस्तेमाल की घटनाएं बढ़ी हैं, और उसके जरिए जिस तरह सामान्य वर्ग के उत्पीड़न के वाकये बढ़े हैं, उससे सामान्य वर्ग इस कानून का घोर विरोधी हो गया है। सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के बावजूद नौकरियों और पढ़ाई में आरक्षण की व्यवस्था को लेकर क्षोभ और असंतोष अब भी सामान्य वर्ग में व्याप्त है। इन्हीं संदर्भों में यूजीसी के नए नियमों को लेकर आशंकाएं सामान्य वर्ग में बढ़ी है। सामान्य वर्ग इस नियम के कितना खिलाफ है, इसे समझने के लिए सोशल मीडिया को देखना होगा, जहां ( यूजीसी रोलबैक) ट्रेंड करता रहा। सोशल मीडिया पर अब भी सामान्य वर्ग के छात्र इस नियम को अन्यायपूर्ण मानते हुए इसके विरोध में अभियान चला रहे हैं। करणी सेना सहित कुछ संगठन भी इस नियम के विरोध में उतर आए हैं। सवर्ण तबका भारतीय जनता पार्टी का पारंपरिक और निष्ठावान मतदाता है। एससी-एसटी के दुरूपयोग के मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जब उस पर सवाल उठाए थे तो सामान्य वर्ग के लोगों ने सोचा था कि इस कानून से मुक्ति मिल जाएगी।

हालांकि ऐसा नहीं हुआ। सामान्य वर्ग की जब यह आस टूटी तो निराश भाव से वह चुप रह गया था। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सतह पर कोई आंदोलन नहीं दिख रहा। लेकिन लोग अंदर ही अंदर खदबदा रहे हैं। अगर बीजेपी ने इस दिशा में नहीं सोचा तो विपक्षी खेमे से इस आंच को हवा दी जा सकती है। जिसका असर आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल और असम के चुनावों में पड़ सकता है। बीजेपी की ओर से इस विवाद को थामने की सांस्थानिक कोशिश अभी नहीं दिख रही है। हालांकि, इस विवाद को थामने को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे प्रयास करते दिख रहे हैं। उन्होंने सामान्य वर्ग के छात्रों को आश्वासन दिया है कि उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा। लेकिन उनका यह आश्वासन काम आता नहीं दिख रहा।

# ईरान में तख्तापलट करने जा रहे ट्रंप, शिया देश ने स्वागत में तैनात कीं 2000 मिसाइल

**( अभिजात शेखर आजाद)**

अमेरिकी हमले के खिलाफ ईरान ने 2000 से ज्यादा एडवांस बैलिस्टिक मिसाइलों को तैनात कर दिया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल जून में इजरायल से 12 दिनों तक चली लड़ाई के बाद भी ईरान का मिसाइल भंडार भरा हुआ है। इसने अपनी रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि ईरान भले कमजोर है, लेकिन वो अमेरिकी हमलों के खिलाफ घातक जवाब देने की ताकत रखता है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप का मकसद ईरान में ऐसे हालात का निर्माण करना है, ताकि सत्ता परिवर्तन हो सके।

ईरान के पास अनुमानित तौर पर 2000 मीडियम रेंज बैलिस्टिक मिसाइलें होने का अनुमान है, जिनसे वो मिडिल ईस्ट में किसी भी अमेरिकी सैन्य अड्डे पर भीषण हमले कर सकता है। इसके अलावा ईरान के पास कम दूरी की मिसाइलों का भी एक बड़ा भंडार है, जिससे वो खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हमला करने में इस्तेमाल कर सकता है। हालांकि इन मिसाइलों की सही संख्या को लेकर पुख्ता तौर पर कुछ कहा नहीं जाता, क्योंकि अलग अलग खुफिया रिपोर्ट में अलग अलग आंकड़ा है, लेकिन हर आंकड़े में संख्या सैकड़ों मिसाइलें होने की बात कही गई है।

**ईरान कहीं अमेरिका पर भारी न पड़ जाए!**- रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के पास अभी भी हजारों बैलिस्टिक मिसाइलों का ज्यादातर जखीरा सही-सलामत बचा हुआ है, जो उसे अमेरिका और मिडिल ईस्ट में उसके सहयोगियों को बड़ा नुकसान पहुंचाने की क्षमता देता है। ईरान के पास एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों और टॉरपीडो नावों का भी बड़ा जखीरा है। इसके अलावा ईरानी ड्रोन से बचने की भी चुनौती अमेरिका की नौसेना के सामने होगी। हालांकि ईरान के लिए एक सिरदर्द उसके पास मिसाइल लॉन्चरों की कमी हो सकती है।



वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक पिछले साल जून में 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान इजरायल ने ईरान की सेना के करीब 70 प्रतिशत मिसाइल लॉन्चरों को तबाह कर दिया था। लेकिन फिर भी 2000 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से वो इजरायल को फिर निशाना बना सकता है। पिछले युद्ध में ईरान ने करीब 550 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं, जिनमें से 45 मिसाइलें इजरायल पर गिरी थी।

इसीलिए सवाल उठ रहे हैं कि क्या ईरान, अबकी बार अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर स्स अब्राहम लिंकन को अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों के हमले में डूबो पाएगा?

**ट्रंप का मकसद है ईरान में सत्ता परिवर्तन**- इस बीच समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने दो अमेरिकी सूत्रों के हवाले से बताया है कि डोनाल्ड ट्रंप का मकदस ईरान में सत्ता परिवर्तन करना है।

# अजित पवार: आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'

**अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं।**

**(ललित गर्ग)**

अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं।

यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्वादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्वादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है।

अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी।



1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे।

उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। अगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें? जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए।

शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला दादा का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले 'दादा' के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है।

अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निर्माता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया।

# जयंती पर याद किये गये बापू

## पदाधिकारियों के साथ-साथ आम लोगों ने भी दी श्रद्धांजलि

**नबिटा टीम**

खूँटी/गिरिडीह। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त आर रॉनिटा ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ दतिया पहुँचकर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, नजारत उप समाहर्ता कोमल कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सृष्टि मिंज सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने इस अवसर पर महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने एवं उनके बताए सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलने की बात कही।



श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त आर० रॉनिटा ने आंगनबाड़ी केंद्र दतिया एवं मतदान केंद्र दतिया का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार, मेनू अनुसार भोजन, पठन-पाठन की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित सेविका को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के मद्देनजर मतदान केंद्र दतिया का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने रैंप, पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को ससमय दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**गिरिडीह से संवाददाता के अनुसार** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 'बापू' की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने गांधी चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया कहा उनके उच्च आदर्शों और नैतिक मूल्यों का संदेश सदैव हमें बेहतर और सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा महात्मा गांधी ने समूचे विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले अपने महान विचारों से प्रेरित किया। उन्होंने केवल शब्दों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से लोगों को प्रभावित कर बदलाव की नई राह दिखाई। बापू के विचार आज भी हमें शांति और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। आइए, उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लें वहीं समाहरणालय सभागार में पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी अनंत मिश्रा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी तेज कुमार हांसदा समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखा गया। इसके अलावा जिला जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती समेत अन्य सभी कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन रखा।

## तीन आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** गौरीचक थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पुलिस के साथ मारपीट के मामले में शामिल है, जबकि दो वारंटी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार गौरीचक थाना कांड संख्या 56/26 में नामजद अभियुक्त किशोर बिंद उर्फ बालकिशुन बिंद, पिता चौधरी जमादार, निवासी ग्राम खुर्द प्रेमचक, थाना कराय परसुराय, जिला नालंदा को पुलिस के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं वारंट के आधार पर की गई छापेमारी में दो वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार वारंटियों में गुड्डू राय, पिता नसीब राय, सतेंद्र राय, पिता जट्टा राय, दोनों ग्राम जमालपुर, थाना गौरीचक के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को ले बैठक

### जिला में बनाये गये 52 परीक्षा केन्द्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** विकास भवन सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।जिसमें बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक इंटरमीडिएट सैद्धांतिक परीक्षा को कदाचारमुक्त संचालन को लेकर चर्चा की गई।बताया गया कि परीक्षा का संचालन दिनांक 02.02. 2026 से 13.02.2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिला में कुल 52 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।जिसमें सदर अनुमण्डल में 38, बारसोई अनुमण्डल में 08 एवं मनिहारी अनुमण्डल में 06 केन्द्र है। इसमें कटिहार अनुमंडल के 17, बारसोई के सभी 08 एवं मनिहारी के 04 परीक्षा केन्द्र छात्राओं के लिए निर्धारित किया गया है।इस परीक्षा में लगभग 25,061परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है। जिला पदाधिकारी सह पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से केन्द्र हेतु नामित नोडल पदाधिकारी, जोनल-सह-गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। सहायक परीक्षा संयोजक-सह- जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी ने केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों को बताया कि केन्द्रों में मोबाईल, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट,इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, व्हाइटनर , इरेजर, ब्लेड जैसी सामग्री के साथ प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के लिए जूता-मौजा पहनकर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करना वर्जित रहेगा। इसलिए परीक्षार्थी जूता-मोजा की जगह चप्पल पहन कर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करे। प्रथम पाली के परीक्षार्थियो को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से 30 मिनट पूर्व तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। उसी तरह द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को द्वितीय पाली के परीक्षा के लिए 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।डीइओ ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने हेतु नोडल अधिकारी, जोनल सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार एवं परीक्षा कक्षा में सभी प्रकार की गतिविधियों की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन के साथ जैमर की भी व्यवस्था की गई है।उन्होंने बताया कि केंद्र के बाहर 200 मीटर की परिधि में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू रहेगा।परीक्षा केन्द्रों पर फर्नीचर, प्रकाश,शौचालय, पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध रहेगा।डीएम ने सबंधित पदाधिकारियों एवं केंद्र अधीक्षकों को पूरी तत्परता एवं निष्ठा से कदाचार रहित परीक्षा संचालन कराने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत में परीक्षा केंद्र पर कोई गड़बड़ी पैदा ना हो एवं परीक्षा कदाचार रहित संपन्न हो सकें।उन्होंने कहा कि कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजन को लेकर जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है।साथ हीं इसको लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने महिला अभ्यर्थियों का महिला कर्मियों एवं महिला पुलिस की उपस्थिति में तथा पुरुष अभ्यर्थियों का पुरुषकर्मियों के द्वारा फ्रिसकिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा के दिन यातायात को सुगम एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस बल को तैनात कराने का निर्देश दिया।बैठक में अपर समाहर्त्ता डा.बिनोद कुमार,अपर समाहर्त्ता सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनोज कुमार ,सभी अनुमंडल पदाधिकारी,सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सभी गश्ती दल दंडाधिकारी,सभी जोनल दंडाधिकारी ,सभी स्टैटिक दंडाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला नजारत पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रह ।

## महात्मा गांधी की धूमधाम से मनाई गई पुण्यतिथि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज जिला कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने महात्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है आज का ही वह दिन है जब गांधी के शरीर को मार कर यह सोचा गया कि हमने गांधीवाद का अंत कर दिया लेकिन आज गांधी की हत्या के कई दशकों बाद भी जब गांधी की विचारधारा की हत्या नहीं कर पाए तो आज गांधी के नाम को मिटाने की कोशिश गोड़सेवादी विचारधारा कर रही है लेकिन सैकड़ो लाखों गोडसे आ जाएं इस दुनिया से गांधी की विचारधारा को समाप्त नहीं कर पाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश वर्मा अजय सिन्हा अशोक विश्वकर्मा मदन विश्वकर्मा सोनू खान सद्दाम हुसैन यश सिन्हा सुलेमान अख्तर अहमद राजा नूरी शाहनवाज आलम साबिर खान सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## बीडीसी की बैठक में कई बिंदुओं पर हुआ मंथन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रमुख मीना देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक के दौरान पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों से आवश्यक बिंदुओं पर संवाद किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया तथा इसे निरंतर जारी रखने की सहमति बनी वहीं मनरेगा योजना के ऑनलाइन सिस्टम में आ रही गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया गया और इसे शीघ्र सुदृढ़ करने का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में आम लोगों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

बैठक में सुदूरवर्ती लुप्पी पंचायत में अस्पताल भवन निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठी। सदस्यों ने कहा कि अस्पताल भवन के निर्माण से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार एवं बच्चों के टीकाकरण की सुविधा सुलभ हो सकेगी।

इसके अलावा बरसात के मौसम में ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं कराए जाने पर नाराजगी जताते हुए कड़ी निंदा की गई। साथ ही पूर्व में गठित स्वास्थ्य सहिया समिति को भंग कर नई समिति के पुनर्गठन की मांग भी सदन में रखी गई।

बैठक में बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू, जैनुल अंसारी, डॉ. महेश गुप्ता भुनेश्वर मुर्मू, महेंद्र पासवान अफजल अंसारी, संजीव कुमार गौतम दास, संतु साव, सौरभ कुमार सहित कई पंचायत समिति सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शराब तस्करी का वाहन पलटा, पाउच में भरी देसी शराब फैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** फुलवारी शरीफ में पुनपुन नदी सुरक्षा तटबंध के किनारे शुक्रवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक लाल रंग की कार को पलटा हुआ देखा। वाहन के आसपास बड़ी मात्रा में पाउच में भरी देसी महुआ शराब बिखरी और बहती नजर आई।यह हादसा धनकी गांव के आसपास हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में भारी मात्रा में देसी शराब लदी हुई थी। वाहन के पलटते ही शराब से भरे पाउच फट गए और शराब फैलने लगी। घटना के बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। सुबह-सुबह शराब से भरे वाहन को पलटा देख ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही जयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर इलाके की जांच-पड़ताल की। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और तस्करों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि घटनास्थल थाना क्षेत्र परसा बाजार इलाके में पड़ता है. हालांकि जानीपुर पुलिस ने ही सड़क से वाहन को हटवाकर यातायात सामान्य कराया है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली गयी बाइक रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत गिरिडीह जिले में विभिन्न गतिविधियों/ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिसका प्रमुख उद्देश्य आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी, यातायात नियमों के उचित अनुपालन, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के संबंध में जागरूक किया जाना है। इसी के निमित्त आज समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, श्रीकांत यशवंत विस्पुते, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर व अन्य अधिकारियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया गया। यह बाइक रैली समाहरणालय भवन से बराकर पूल तक आयोजित किया गया इस दौरान सीख से सुरक्षा, तकनीक से परिवर्तन




का नारा गूंजा। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक एवं सड़क सुरक्षा शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगो के बीच वाहन चलाने वक़्त यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का जिला वासियों को संदेश दिया मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि अधिकांश वाहन दुर्घटनायें यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण होती है। उन्होंने बाइक चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने अपने अपने वाहन का सभी दस्तावेज दुरूस्त रखने की बात कही और साथ ही वाहन के सभी कागजात दुरूस्त नहीं रहने से सड़क दुर्घटनाओं के बाद क्षतिपूर्ति दावा प्राप्त करने में परेशानी होती है। रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करे, वाहन चलानें वक्त गतिसीमा से बाहर ना जाए, और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर गिरिडीह जिले में विभिन्न विभिन्न स्थलो पर जागरूकता रथ, इंस्टालेशन ऑफ रिफ्लेक्टिव टेप रोड सेफ्टी पलेज, सघन वाहन जॉच, सेल्फी विथ पलेज, काउन्सलिंग ऑफ डीएल एंड एलएल रोड सेफ्टी पम्पलेट एवं बुक वितरण, सेल्फी विथ हेलमेट एंड सीटबेल्ट, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, गुड सेमारिटन और हिट एंड रन जागरूकता, सघन जाँच ड्रंक एंड ड्राइव , ओवरलोड, रोड सेफ्टी क्विज, हेलमेट वितरण रोड ऐट रोज रोड सेफ्टी बाइक रैली, यातायात नियमों की जागरूकता रोड सेफ्टी झाकी,निःशुल्क जाँच शिविर एवं रोड सेफ्टी ऐट स्कूल का आयोजन करते हुए ज़िले में राष्टीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन किया गया।

## दो बाईक की टक्कर में एक की मौत

**फलका/ कटिहार।** थाना क्षेत्र के फलका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप गुरुवार की रात्रि दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल से टकरा कर पानी में गिर गया. स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पानी से दोनों व्यक्ति को निकाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलका लाया। चिकित्सक ने प्रमोद शर्मा (40) हरदा, थाना मरंगा,पूर्णिया निवासी को मृत घोषित कर दिया। जख्मी अखिलेश मंडल (27) ग्राम हरदा का इलाज अस्पताल में चल रहा है. पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गयी। जानकारी के अनुसार फलका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुल के समीप गुरुवार की रात्रि लगभग 9.40 बजे श्रीपुर दिशा से आ रहे एक बाइक अनियंत्रित होकर पुल से टकरा कर पानी में गिर गया।जिससे बाइक दोनों सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। फलका थानाध्यक्ष दलबल के साथ गघटना स्थल पर पहुंचकर दोनों व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

## डीएम के जनता दरबार में हुई 73 मामलों की सुनवाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 73 आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दर्ज कराया।इस दौरान सबसे अधिक 40 मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित प्राप्त हुआ। जिसमें मुख्यतः भू- मापी, मुआवजा,भूमि अतिक्रमण,भूदान,अवैध कब्जा, नामांतरण, वासगीत पर्चा तथा एसीपी के लाभ से जुड़ा मामला। अन्य विभागों के मामले में पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक से संबंधित 01, अनुमंडल से संबंधित 03, स्वास्थ्य से संबंधित 05, प्रखंड से संबंधित 04, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित 05, विद्युत से 05, थाना से 01 तथा स्थापना कार्यालय से संबंधित 05 से मुद्दे शामिल रहे।सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा जहां कई मामलों का तत्काल निष्पादन कर दिया गया वहीं शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में प्राप्त मामलों का निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भेजने का भी निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि सप्ताह में सोमवार एवं शुक्रवार को प्रत्येक कार्यालय में पदाधिकारी जनसामान्य से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करते हैं। लोग कार्यालय में जाकर अपनी समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकते हैं।जनता दरबार में अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बैठक में सवर्ण समाज की एकजुटता पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** सवर्ण समाज की एकजुटता को मजबूत करने तथा भारत सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी (यूजीसी) कानून के विरोध को लेकर शुक्रवार को सवर्ण एकता मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रोवेश रिसॉर्ट में किया गया। बैठक का उद्देश्य समाज को एक मंच पर संगठित कर, कानून के सामाजिक एवं शैक्षणिक प्रभावों पर विचार-विमर्श करना रहा।



बैठक में समाज के कई गणमान्य व्यक्ति, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यूजीसी कानून से उच्च शिक्षा व्यवस्था एवं समाज के विभिन्न वर्गों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

बैठक के दौरान सवर्ण समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने शांतिपूर्ण, संवैधानिक एवं संगठित आंदोलन के माध्यम से अपनी मांगों को रखने पर जोर दिया।

सवर्ण एकता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले 1 फरवरी को बड़ा अखाड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक कर समाज के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा प्रखंड व जिला स्तर पर बैठकें आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, साथ ही 1 फरवरी को आहूत बैठक में सवर्ण समाज से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सवर्ण समाज को एक जुट करें, बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और समाजहित में एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया।

## आरोपित गिरफ्तार

**चौपारण हजारीबाग।** चौपारण थाना कांड संख्या-27/26, एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त अनिल मुंडा उर्फ अनिल नाग, पिता-गणेश नाग, निवासी-ग्राम अंजन, थाना-चौपारण, जिला-हजारीबाग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर अंजन क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती करने/करवाने का आरोप है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## फसलों की सुरक्षा को ले हुआ छिड़काव

**मनसाही/कटिहार।** कृषि विभाग बिहार सरकार के पौधा संरक्षण संभाग के अंतर्गत मनसाही प्रखंड में फसल सुरक्षा को लेकर कीटनाशी छिड़काव अभियान तेजी से चलाया जा रहा हैं। सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रोमी कुमारी एवं पौधा निरीक्षक सुनील कुमार ने प्रखंड के विभिन्न बागानों का दौरा कर पपीता,केला एवं अमरूद के पौधों पर किए जा रहे छिड़काव कार्य का भौतिक निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छिड़काव की गुणवत्ता की जांच करते हुए किसानों को फसल सुरक्षा,रोग एवं कीट नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वैज्ञानिक तरीके से दवा के उपयोग एवं समयबद्ध छिड़काव अपनाने की सलाह दी गई,ताकि फसलों को कीट व रोग से बचाया जा सके और उत्पादन में वृद्धि हो।वहीं,जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के सरकारी आवास परिसर में लगे आम एवं अन्य फलदार पौधों पर भी कीटनाशी छिड़काव कराया गया। यह कार्य पौधा निरीक्षक सुनील कुमार एवं कृषि क्लीनिक मनसाही के राहुल आनंद की देखरेख में संपन्न हुआ।

## बीआईटी में एथलेटिक मीट का धमाकेदार आगाज





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पटना का मैदान शुक्रवार को खिलाड़ियों के जोश और तालियों की गूंज से जीवंत हो उठा, जब तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का रंगारंग आगाज हुआ। ट्रैक से लेकर फील्ड तक, हर कोना खेल भावना और प्रतिस्पर्धा की ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

खेल महोत्सव का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डी.के. मल्लिक ने किया। इस मौके पर डॉ. अनिश, डॉ. एस.एस. यादव, खेल समिति के सदस्य और कई प्राध्यापक मौजूद रहे। जैसे ही रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए, वैसे ही खिलाड़ियों के सपनों ने भी उड़ान भर ली।

उद्घाटन के बाद अनुशासित मार्च-पास्ट ने समारोह में चार चांद लगा दिए। कदमताल की एक-एक थाप ने यह संदेश दिया कि जीत से पहले अनुशासन जरूरी है। इसके बाद मैदान असली मुकाबलों के लिए तैयार हो गया।

पहले दिन की स्पधाओं में 100 मीटर दौड़ ने सबसे ज्यादा रोमांच पैदा किया। बालक और बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने पूरी ताकत झोंक दी. ट्रिपल जंप और शॉटपुट में भी दमखम देखने को मिला, जहां हर प्रयास के साथ दर्शकों की सांसें थमती और तालियां गूंज उठती रहीं। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए निदेशक डी.के. मल्लिक ने कहा कि खेल जीवन को दिशा देते हैं। ये सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेल भावना को सर्वोपरि रखने की अपील की।

दिन भर मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। छात्र, शिक्षक और स्टाफ की मौजूदगी ने आयोजन को और जीवंत कर दिया। अब सबकी नजरें अगले दो दिनों पर टिकी हैं, जहां और तेज रफ्तार, ऊंची छलांग और कड़े मुकाबले एथलेटिक मीट के रोमांच को नई ऊंचाई देंगे।

CMYK

## चिंताजनक: निर्यात पर बढ़ता नियंत्रण और कार्बन कर व्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ते निर्यात नियंत्रण, विकसित देशों के प्रौद्योगिकी देने से इन्कार और कार्बन कर व्यवस्था वास्तव में वैश्वीकरण के अंत का संकेत दे रहे हैं। ऐसे में भारत में स्वदेशी नीतियों पर ध्यान देना अपरिहार्य और आवश्यक है। भारत को आयात प्रतिस्थापन, रणनीतिक मजबूती एवं रणनीतिक अनिवार्यता की अपनी निकट, मध्यम और दीर्घकालिक नीतिगत प्राथमिकताओं को एक साथ आगे बढ़ाना होगा। समय बर्बाद करने का कोई औचित्य नहीं है। यह एक ही समय में मैराथन और तेजी से दौड़ने जैसा है या मैराथन को स्प्रिंट की तरह दौड़ना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बृहस्पतिवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2025-26 में कहा गया है कि वर्तमान में कोई भी देश ऐसे





वातावरण में काम कर रहा है, जहां कच्चा माल, प्रौद्योगिकी और बाजारों तक पहुंच को निर्बाध या स्थायी नहीं माना जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में स्वदेशी एक रक्षात्मक और आ्र ामक नीतिगत साधन बन जाता है। यह बाहरी झटकों के बावजूद उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित करने का एक माध्यम है। साथ ही, आर्थिक संप्रभुता को सुदृढ़ करने वाली स्थायी राष्ट्रीय क्षमताओं के निर्माण का रास्ता साफ करता है। हालांकि, स्वदेशीकरण के लिए एक अनुशासित दृष्टिकोण को लेकर यह स्पष्टता आवश्यक है कि हस्तक्षेप कब दीर्घकालिक क्षमता का निर्माण करता है और कब यह सिर्फ अक्षमता को बनाए रखता है।

**चीन पर आयात निर्भरता में कमी-** आर्थिक समीक्षा में आगे कहा गया है, सवाल अब यह नहीं है कि राज्य को स्वदेशी को प्रोत्साहित करना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि दक्षता, नवाचार या वैश्विक एकीकरण को कमजोर किए बिना ऐसा कैसे किया जाए। पीएम नरेंद्र मोदी ने बार-बार

## यूरोपीय संघ के साथ एफटीए से भारतीय निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजारः मूडीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौता भारत को अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने में मदद करेगा। साथ ही अमेरिकी शुल्कों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के बीच निर्यातकों को व्यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते




(एफटीए) की घोषणा 27 जनवरी को की गई थी। इसके इसी साल हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है। मूडीज ने कहा, भारत के लिए, यह समझौता व्यापारिक संबंधों को चुनिंदा रूप से विविधतापूर्ण बनाने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। साथ ही यह अमेरिका के शुल्क बढ़ाने से पैदा होने वाली व्यापारिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव प्रदान करता है। इसमें कहा गया कि यूरोपीय संघ के लिए यह समझौता तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार तक पहुंच बढ़ाकर आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करता है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि एफटीए लागू होने के बाद यह व्यापार की मात्रा बढ़ाने, व्यापार प्रवाह के विविधीकरण को प्रोत्साहित करने और स्थिर बाजार पहुंच देने में मदद करेगा और यह दोनों पक्षों की साख के लिए सकारात्मक होगा।

भारत दुनिया का पावरहाउस

# 135 अरब डॉलर रेमिटेंस, 701 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती का लोहा एक बार फिर मनवाया है। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार भारत ना केवल दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस हासिल करने वाला देश बना हुआ है, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गया है।

2024-25 में भारत को कुल 135.4 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। सबसे बड़ी बात यह रही कि अब भारत आने वाले पैसे में विकसित देशों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इस बात से पता चलता है कि विदेशों में भारतीय स्किल और प्रोफेशनल वर्कर्स की मांग और कमाई दोनों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।

**701.4 अरब डॉलर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार-** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 16 जनवरी तक 701.4 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया।

### 14 अरब डॉलर का डिजिटल निवेश

विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी वैश्विक आर्थिक समस्या से निपटने के लिए एक लिक्विडिटी बफर देता है। दक्षिण एशिया में भारत के अंदर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) जबरदस्त तरीके से आया है। देश ने निवेश के मामले में इंडोनेशिया और वियतनाम को भी पीछे छोड़ दिया। ग्रीनफील्ड निवेश की बात करें तो 2024 में 1,000 से ज्यादा नई परियोजनाओं के साथ भारत दुनिया में चौथे स्थान पर रहा। डिजिटल निवेश के लिए 2020-24 के बीच भारत में 114 अरब डॉलर का सबसे ज्यादा डिजिटल निवेश आया।

### बाहरी कर्ज भी अन्य देशों से कम

दुनिया के कई देश इस समय कर्ज संकट से जूझ रहे हैं, वहीं भारत की स्थिति बहुत अच्छी है। देश पर बाहरी कर्ज एवं जीडीपी का रेशयो सिर्फ 19.2 प्रतिशत है और कुल कर्ज का 5 फीसदी से भी कम है। निर्यात बढ़ाने के लिए विनिर्माण लागत को कम करना होगा। नवाचार, उत्पादकता के साथ देश की मुद्रा और जीडीपी को मजबूत किया जा सकता है।

# भारत बनेगा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन बाजार

**एयरबस का दावा- 2035 तक तीन गुना होंगे हवाई जहाज**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले एक दशक में भारतीय आसमान की तस्वीर पूरी तरह बदलने वाली है। विमान बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी एयरबस ने भविष्यवाणी की है कि साल 2035 तक भारत में कमर्शियल विमानों की संख्या तीन गुना बढ़कर 2,250 हो जाएगी। हैदराबाद में चल रहे विंग्स इंडिया 2026 कार्य्र म के दौरान एयरबस ने यह रिपोर्ट जारी की है, जिसके मुताबिक भारत जल्द ही दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन बाजार बनने जा रहा है।

इस ऐतिहासिक विस्तार के पीछे सबसे बड़ी वजह भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था है। एयरबस का मानना है कि जी-20 देशों में भारत की विकास दर सबसे तेज है और सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारी खर्च कर रही है, जिससे हवाई सफर की मांग बढ़ रही है। रिपोर्ट में एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी दिया गया है कि आम भारतीयों के व्यवहार में बदलाव आ रहा है। अगले दस वर्षों में प्रति व्यक्ति हवाई यात्रा का औसत 0.13 से बढ़कर 0.29 होने की उम्मीद है। इसी वजह से भारत में हवाई यात्रियों की संख्या हर साल 8.9 फीसदी की दर से बढ़ेगी, जो दुनिया की किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था के मुकाबले सबसे तेज रफ्तार होगी।




एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रेसिडेंट जुर्गेन वेस्टरमीयर ने बताया कि ग्लोबल एविएशन का केंद्र अब पश्चिम से पूर्व की ओर खिसक रहा है। उनका कहना है कि भारत के विमानों का बेड़ा बढ़ने से न सिर्फ घरेलू कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि भारत अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी एक प्रमुख केंद्र या हब बनकर उभरेगा। इस सपने को पूरा करने के लिए एयरबस के ए321 एक्सएलआर और ए350 जैसे विमान लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कमान संभालेंगे, जबकि ए320 फैमिली के विमान घरेलू नेटवर्क को मजबूत करेंगे।

विमानों की यह बढ़ती संख्या देश में रोजगार की भी एक नई बहार लेकर आएगी। इतने बड़े बेड़े को संभालने के लिए भारी संख्या में स्किल्ड वर्कफोर्स की जरूरत होगी। एयरबस के अनुमान के मुताबिक, 2035 तक भारत को 35,000 पायलटों की जरूरत होगी, जो मौजूदा 12,000 की संख्या से करीब तीन गुना ज्यादा है।

# 1 फरवरी से बंद हो जाएंगी सर्विसेज?

**आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट यूजर्स को झटका**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं और मूवी टिकट, ट्रैवल या डिजिटल पेमेंट्स से जुड़े बेनिफिट्स का फायदा उठाते रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए अहम है। आईसीआईसीआई बैंक 1 फरवरी 2026 से अपने क्रेडिट कार्ड नियमों में बड़े बदलाव करने जा रहा है। इन बदलावों के तहत कुछ लोकप्रिय सुविधाएं पूरी तरह बंद होंगी, जबकि कुछ ट्रांजैक्शंस पर नई शर्तें और अतिरिक्त शुल्क लागू किए जाएंगे। बैंक के मुताबिक, इन संशोधनों का उद्देश्य रिवॉर्ड स्ट्रक्चर को री-अलाइन करना है लेकिन इसका असर लाखों कार्डधारकों की जेब पर पड़ सकता है। आईसीआईसीआई बैंक ने कुछ चुनिंदा डिट कार्ड्स पर मिलने वाला फ्री मूवी टिकट बेनिफिट खत्म करने का फैसला किया है।

- **इंश्योरेंस और ट्रांसपोर्ट खर्च पर रिवॉर्ड जारी-** हालांकि, सभी सुविधाएं खत्म नहीं की गई हैं। आईसीआईसीआई बैंक एचपीसीएल सुपर सेवर केंडिट कार्ड धारकों को इंश्योरेंस पेमेंट पर पहले की तरह रिवॉर्ड पॉइंट्स मिलते रहेंगे लेकिन इसकी सीमा 40,000 रुपए तक तय की गई है। इसके अलावा, ट्रांसपोर्ट मर्चेंट कैटेगरी में किए गए खर्च पर भी कार्ड के प्रकार के अनुसार 10,000 से 40,000 रुपए तक रिवॉर्ड पॉइंट्स अर्जित किए जा सकेंगे।




- **ट्रांसपोर्ट ट्रांजैक्शन भी होंगे महंगे-** ट्रांसपोर्ट से जुड़े बड़े भुगतान पर भी अब अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा। यदि ट्रांसपोर्ट मर्चेंट कैटेगरी में 50,000 रुपए से अधिक का लेनदेन किया जाता है, तो उस पर 1 प्रतिशत एक्स्ट्रा फीस वसूली जाएगी।
- **क्या करें कार्डधारक-** विशेषज्ञों का कहना है कि आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड यूजर्स को 1 फरवरी 2026 से पहले अपने कार्ड के बेनिफिट्स और चार्ज स्ट्रक्चर की समीक्षा कर लेनी चाहिए, ताकि अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके।

# शेयर 7 प्रतिशत से अधिक टूटा

**स्विगी को 1,065 करोड़ का घाटा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विगी के शेयर शु वार को शुरुआती कारोबार में 7 प्रतिशत से अधिक की लुढ़क गए। यह गिरावट कंपनी के वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में नेट लॉस बढ़ने की वजह से आई है। बीएसई पर स्विगी के शेयर 7.68 प्रतिशत गिरकर 302.25 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी ने दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में 1,065 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड नेट लॉस दर्ज किया। यह घाटा पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 799 करोड़ रुपये के नुकसान से अधिक है। हालांकि, कंपनी का तीसरी तिमाही में परिचालन राजस्व साल-दर-साल 54 प्रतिशत बढ़कर 6,148 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 3,993 करोड़ रुपये था। समेकित समायोजित ईबीआईटीडीए घाटा 712 करोड़ रुपये रहा।

- **फूड डिलीवरी बिजनेस का प्रदर्शन-** स्विगी के फूड डिलीवरी बिजनेस का ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू साल-दर-साल 20.5 प्रतिशत बढ़कर 8,959 करोड़ रुपये हो गया। फूड डिलीवरी के मासिक ट्रांजैक्शन यूजर्स में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.81 करोड़ पर पहुंच गए। समायोजित ईबीआईटीडीए मार्जिन भी सुधरकर जीओवी का 3.0 प्रतिशत हो गया।
- **इंस्टामार्ट की स्थिति-** स्विगी के क्विक-कॉमर्स बिजनेस, इंस्टामार्ट का ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू साल-दर-साल 103.2 प्रतिशत और तिमाही-दर-तिमाही 13 प्रतिशत बढ़कर 7,938 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, इस सेगमेंट ने दिसंबर तिमाही में 908 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया। इसका समायोजित ईबीआईटीडीएमार्जिन पिछले -12.1 प्रतिशत से सुधरकर -11.4 प्रतिशत हो गया।




- **ब्रोकरेज फर्मों ने घटाया टार्गेट प्राइस-** ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का मानना है कि आ्र ामक प्रतिस्पर्धा के कारण इंस्टामार्ट के क्विक कॉमर्स में निकट अवधि की वृद्धि कम हो सकती है। फर्म ने स्विगी के शेयरों पर खरीद की सिफारिश को दोहराते हुए टार्गेट प्राइस घटाकर 440 रुपये प्रति शेयर कर दिया है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि स्विगी का फूड डिलीवरी बिजनेस वृद्धि में तेजी दिखा रहा है जबकि लाभप्रदता में लगातार सुधार हो रहा है। नुवामा ने भी खरीद की रेटिंग बरकरार रखते हुए टारगेट प्राइस को 510 रुपये से घटाकर 490 रुपये प्रति शेयर कर दिया है।
- **शेयर प्राइस प्राइस हिस्ट्री-** स्विगी के शेयर की कीमत एक महीने में 21 प्रतिशत और तीन महीने में 27 प्रतिशत से अधिक गिर चुकी है। छह महीने और एक साल में इस शेयर में 24-24 प्रतिशत की गिरावट आई है। सुबह 10ः34 बजे तक, स्विगी का शेयर एनएसई पर 6.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 306.30 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था।

## 2 दिन में 13 गुना सब्सक्रिप्शन, जीएमपी दिखा रहा है 20 प्रतिशत का फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसेफ इक्विपमेंट आईपीओ पर दांव लगाने का आखिरी मौका आज है। कंपनी के आईपीओ को निवेशकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। यह आईपीओ ग्रे मार्केट में भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है।

जिसकी वजह से निवेशकों को पहले दिन ही लिस्टिंग गेन की उम्मीद है। एमसेफ इक्विपमेंट्स आईपीओ को 13.56 गुना सब्स्र इब किया गया है। रिटेल कैटगरी में आईपीओ को 15.15 गुना, क्यूआईबी में 0.81 गुना सब्स्र इब किया गया है। वहीं, एनआईआई में 26.65 गुना सब्स्र इब किया गया है।

### कितना है जीएमपी

इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ आज 25 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। जो 20 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन को दर्शाता है। मौजूदा जीएमपी 148 रुपये पर लिस्टिंग के संकेत दे रहा है। बता दें, आईपीओ ग्रे मार्केट में सबसे अच्छी स्थिति में है। आईपीओ का सबसे अधिक जीएमपी 25 रुपये और सबसे कम जीएमपी 07 रुपये है।

# सोना आम आदमी की पहुंच से हुआ दूर

**भारत में 11 प्रतिशत घट गई डिमांड**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार में बदलाव के कारण वर्ष 2025 में भारत की सोने की मांग में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सोने की कुल मांग 2025 में गिरकर 710.9 टन रह गई, जो 2024 में 802.8 टन थी। परिषद का अनुमान है कि 2026 में देश में सोने की मांग 600 से 700 टन के बीच रह सकती है। हालांकि, कीमतों में भारी उछाल के कारण मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग 30 प्रतिशत बढ़कर 7,51,490 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष यह 5,75,930 करोड़ रुपये थी। डब्ल्यूजीसी ने बताया, वर्ष, 2025 की चौथी तिमाही में सोने की मांग पर ऊंची कीमतों और उपभोक्ताओं के बदलते व्यवहार का असर स्पष्ट दिखा। मात्रा के आधार पर इस तिमाही में मांग नौ प्रतिशत गिरकर 241.3 टन रही, लेकिन मूल्य के आधार पर यह 49 प्रतिशत बढ़कर करीब 3,03,470 करोड़ रुपये हो गई। वर्ष 2025 के दौरान आभूषणों की कुल मांग 24 प्रतिशत घटकर 430.5 टन रही, जो 2024 में 563.4 टन थी। हालांकि, मूल्य के लिहाज से यह 12 प्रतिशत बढ़कर 4,54,390 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले साल 4,04,510 करोड़ रुपये रही थी। शादियों के सीजन के बावजूद ऊंची कीमतों और महंगाई के कारण आभूषणों की ब्रि ी में 23 प्रतिशत की कमी आई। 2025 में सोने ने 60 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया और 53 बार सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ।



### सोने की वैश्विक मांग 5,000 टन से अधिक हुई

वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 2025 में 5,000 टन से अधिक होकर एक नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल सोने की मांग 2025 में 5,002 टन के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 4,961.9 टन थी। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से निवेश मांग में तेज उछाल के कारण हुई, जो 2025 में बढ़कर 2,175.3 टन हो गई जबकि यह 2024 में 1,185.4 टन थी। चालू वित्त वर्ष की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में उपभोक्ता मांग दो प्रतिशत बढ़कर 1,345.3 टन हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,318.5 टन थी।

### सर्राफा मार्केट में सोने का भाव 6865 और चांदी का 22825 रुपये टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के बाद आज उनकी कीमतों में भूचाल है। गुरुवार के बंद भाव के मुकाबले 24 कैरेट सोना आज 6865 रुपये सस्ता हुआ है। वहीं, चांदी ने 22825 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की है। जीएसटी समेत चांदी का भाव अब 367877 रुपये प्रति किलो पर आ गया है। जबकि, 24 कैरेट गोल्ड का रेट अब जीएसटी समेत 173529 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं, प्लैटिनम भी 8287 रुपये टूटकर 80465 पर आ चुका है। इस गिरावट के बावजूद इस साल केवल 30 दिनों में चांदी 126743 रुपये महंगी हो चुकी है। जबकि, सोने के भाव 35280 रुपये चढ़ा है। आज चांदी का भाव बिना जीएसटी 357163 रुपये प्रति किलो पर खुला। जबकि, बिना जीएसटी सोने का भाव 168475 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। गुरुवार को चांदी बिना जीएसटी 379988 रुपये पर बंद हुई। इसी तरह सोना बिना जीएसटी 175340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। यह रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर 12 बजे वाला है।

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को मिला 1800 करोड़ का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी डिफेंस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर इस समय फोकस में हैं। कंपनी को पवन हंस लिमिटेड, नोएडा ने एक बड़ा वर्क ऑर्डर दिया है। पिछले एक साल में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि उन्हें पवन हंस लिमिटेड से 1800 करोड़ रुपये का काम मिला है। इस वर्क ऑर्डर के अनुसार कंपनी को 10 ध्रुव एनजी हेलीकॉप्टर्स सप्लाई करने को कहा है। बता दें, कंपनी को यह वर्क ऑर्डर 2027 में पूरा करना है।



**आज शेयरों में गिरावट-** बीएसई में आज यह डिफेंस स्टॉक आज 4616.05 रुपये के लेवल पर खुला था। कंपनी के शेयरों में शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी देखने को मिली थी। लेकिन इसके बाद यह स्टॉक बाजार के चौतरफा गिरावट का शिकार हो गया है। जिसके बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का शेयर 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद 4541 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया।

**लॉन्ग टर्म में दिया है पॉजिटिव रिटर्न-** बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। दो साल में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का शेयर 51 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



# लोकेश कनगराज ने क्यों छोड़ी थलाइवर 173, बताई वजह

साउथ निर्देशक लोकेश कनगराज ने हाल ही में रजनीकांत और कमल हासन की फिल्म थलाइवर 173 से इसलिए हटे क्योंकि रचनात्मक मतभेद हो गए थे। उन्होंने करीब डेढ़ महीने तक स्क्रिप्ट पर मेहनत की थी, लेकिन दोनों बड़े सितारों से बात करने के बाद फिल्म की दिशा बदल गई। रजनीकांत और कमल हासन दोनों ही अपनी पिछली एक्शन से भरी फिल्मों के बाद अब एक हल्की-फुल्की, मजेदार फिल्म करना चाहते थे। रजनीकांत जेलर 2 जैसी एक्शन फिल्म से वापसी कर रहे हैं और कमल हासन भी अनबरीव जैसी हाई-ऑक्टेन फिल्म की तैयारी में हैं। इसलिए वे जानबूझकर कुछ अलग स्टाइल की फिल्म चाहते थे। लोकेश ने कहा, ऐसी हल्की फिल्में मेरी पसंद की नहीं हैं, इसलिए उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया।

## कैथी 2 में देरी क्यों?

कैथी 2 में देरी की अफवाहों पर भी लोकेश ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि देरी का कारण वेतन बढ़ाने की मांग नहीं है। इस वजह से उन्हें मैत्री मूवी मेकर्स के साथ पुराना प्रोजेक्ट फिर से शुरू करना पड़ा और तभी अल्लू अर्जुन के साथ नई फिल्म शुरू हुई। वहीं एटली (जो अल्लू अर्जुन के साथ काम कर रहे हैं) से तुलना की बात पर लोकेश ने कहा कि उनके बीच कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। दोनों तमिल सिनेमा को आगे बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं और एक-दूसरे की सफलता से खुश होंगे। अब थलाइवर 173 का निर्देशन सिबी चक्रवर्ती करेंगे और इसे कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल बनाएगी।

## लोकेश की आने वाली फिल्म

लोकेश की तरफ से अच्छी खबर यह है कि उन्होंने हाल ही में अल्लू अर्जुन के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा की। पोंगल और मकर संक्रांति के मौके पर इसका टीजर जारी किया गया। फिल्म का अभी शीर्षक फाइनल नहीं हुआ है, संगीत अनिरुद्ध देंगे और शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होगी।
क्यों प्रसिद्ध हैं लोकेश कनगराज?
लोकेश कनगराज मुख्य रूप से अपनी अनूठी एक्शन-थ्रिलर फिल्म मानागरम, कैथी, विक्रम और लियो (2023) जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। वे अपनी फिल्मों में तीव्र सस्पेंस, मल्टी-स्टार कास्ट, और तकनीकी रूप से उन्नत दृश्यों के लिए जाने जाते हैं।



# सोशल मीडिया ने बदली मिथिला पालकर की जिंदगी

लिटिल थिंग्स, कारवां, चॉपस्टिक्स और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री-गायिका मिथिला पालकर आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हैप्पी पटेल से सुर्खियां बटोर रही हैं। मिथिला फिल्मों से लेकर ओटीटी तक पर अपने अभिनय की कला को दिखा चुकी हैं। अब उन्होंने अपनी फिल्मी जर्नी शेयर की है और बताया है कि उन्होंने कभी भी एक्टिंग करियर के लिए किसी तरह की प्लानिंग नहीं की, बल्कि सब कुछ अपने आप होता चला गया। अभिनेत्री मिथिला ने कहा, मैंने हमेशा यही कहा है कि अपने पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मैंने परिस्थितियों के अनुसार ही काम किया। एक एक्ट्रेस बनने के लिए मैंने इसे दोनों हाथों से अपनाया। मुझे क्या पता था कि इंटरनेट क्या कर देगा? 10 साल पहले, हम सभी इंटरनेट पर बस शुरुआत कर रहे थे। उस समय टीवी, थिएटर और फिल्में ही मुख्य थीं। रेडियो का भी अपना एक अलग ही प्रभाव था। इसलिए, हमें नहीं पता था कि इंटरनेट इस तरह से अपना प्रभाव डाल सकता है। इसलिए, मैं भी सोशल मीडिया पर एक्सपेरिमेंट कर रही थी। मैं हर उस चीज के साथ प्रयोग करने को तैयार थी जो मुझे एक कलाकार बनने में मदद करे। उन्होंने कहा, मैंने हर चीज के लिए ऑडिशन दिया। मेरी जिंदगी जिस तरह से आगे बढ़ी है, मुझे नहीं लगता कि मैं इससे बेहतर योजना बना सकती थी। इसलिए मुझे खुशी है कि मैंने इसकी योजना नहीं बनाई, क्योंकि मैंने खुद को जिंदगी के फ्लो के साथ चलने की आजादी दी। मुझे फिल्टर कॉपी मिली, जिसने मुझे न्यूज दर्शन दिया, जो एक नया व्यंग्य कॉमेडी शो था, जिसके बाद ध्रुव और मैंने दो कॉमेडी स्केच किए। उसके बाद, लिटिल थिंग्स हुआ, गर्ल इन द सिटी हुआ। तो, सब कुछ एक के बाद एक होता चला गया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अगर मैंने इसकी योजना बनाई होती, तो मैं इसे इतनी अच्छी तरह से बना पाती। करियर की शुरुआत में मिथिला को कई लोगों से सहयोग मिला और वे खुद को लकी मानती हैं कि उनकी जर्नी में उन्हें अच्छे लोगों का साथ मिला। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि मैं भाग्यशाली थी कि सही समय पर सही लोगों से मिली। जिन लोगों से मैंने 8 साल पहले बात की थी, उसके बाद हमारी मुलाकात नहीं हुई। लेकिन 8 साल पहले, वे लोग मेरे जीवन में बहुत मायने रखते थे, मेरी यात्रा में उनका बहुत बड़ा योगदान था। और मैं उन लोगों को कभी नहीं भूलूंगी।

# बदले की कहानी लेकर आए संजय कपूर-शाहीर शेख और मौनी रॉय

पंजाब में रची-बनी बदले की कहानी पर आधारित ड्रामा सीरीज का नाम है अब होगा हिसाब। इस सीरीज में संजय कपूर, शाहीर शेख और मौनी रॉय मुख्य भूमिका में हैं। यह अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। लालच और नैतिक ऋण की एक दमदार कहानी, जहां अतीत के पापों का हिसाब चुकाना पड़ता है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर अब होगा हिसाब का टीजर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, वक्त आ गया है, अब हटेगा सबका नकाब, सबके गुनाहों का, कर्मों का...अब होगा हिसाब। इसे आप एमएक्सप्लेयर पर फ्री में देख सकेंगे। अब होगा हिसाब एक रोमांचक वेब सीरीज है, जो बदला लेने की कहानी दिखाती है। यह महत्वाकांक्षा और जीवन के अंधेरे पक्ष को उजागर करती है। यह सीरीज जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर फ्री में स्ट्रीम होगी।







# अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट का एलान

बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट सामने आ गई है। दिसंबर में अक्षय कुमार ने एक वीडियो साझा कर बताया था कि यह फिल्म साल 2026 में रिलीज होगी। अब इसकी रिलीज डेट का खुलासा भी कर दिया गया है।

## जून में होगा बॉक्स ऑफिस पर धमाका!

कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून, 2026 को रिलीज होगी। वेलकम फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे।

## ये सितारे होंगे फिल्म का हिस्सा

फिल्म वेलकम टू द जंगल के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## पिछली दो फिल्में रहीं हिट

इस चर्चित फ्रेंचाईजी की पहली वेलकम साल 2007 में रिलीज हुई थी। फिर साल 2015 में इसका दूसरा पार्ट वेलकम बैक आया। दोनों फिल्मों का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था। कलेक्शन की बात करें तो पिछली दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। दर्शकों को इसके तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार है।

# बॉर्डर 2 की सफलता के बाद नई फिल्म की तैयारी में जुटे सनी देओल, फरवरी में शुरू होगी शूटिंग




अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म बॉर्डर 2 की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। यह फिल्म एआर मुरुगादॉस और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस की जा रही है और फरवरी से शूटिंग शुरू होने वाली है। अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन बालाजी गणेश करेंगे। फिल्म की टीम ने रविवार को पूजा-अर्चना की और साथ में तस्वीरें भी खिंचवाईं। एक तस्वीर में सनी देओल, ज्योतिका, निर्देशक बालाजी गणेश और प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी मुस्कुराते हुए पोज देते नजर आए। टीम नए प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित है। 23 जनवरी को सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज हुई। अनुराग सिंह निर्देशित यह फिल्म जेपी दत्ता की मूल बॉर्डर की सीक्वल है। टी-सीरीज फिल्म्स और जेपी फिल्म्स के बैनर तले भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। मोना सिंह, सोनम बाजवा, अन्या सिंह और मेधा राणा भी महत्वपूर्ण किरदार में हैं।

# आलिया भट्ट ने की बॉर्डर 2 की तारीफ



वॉर ड्रामा फिल्म बॉर्डर-2 रिलीज के बाद से ही दर्शकों और सेलिब्रिटीज के बीच खूब चर्चा में है। फिल्म को मिल रही तारीफों की लिस्ट में नाम मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट का भी जुड़ गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फिल्म के सभी कलाकारों की तारीफ की। उन्होंने स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म बॉर्डर-2 की एक क्लिप शेयर की। इस सीन में वरुण, दिलजीत, अहान शेट्टी, और सनी देओल समेत फिल्म के कई कलाकार नजर आ रहे हैं। इसमें फिल्म के कुछ पावरफुल क्लिप्स भी शामिल हैं। आलिया ने लिखा, फिल्म बॉर्डर-2 शानदार फिल्मों में से एक है। अभिनेत्री ने फिल्म के डायरेक्टर अनुराग सिंह और पूरी स्टारकास्ट की परफॉर्मेंस को कमाल का बताया। इसी के साथ ही उन्होंने फिल्म के मुख्य कलाकारों की तारीफ करते हुए लिखा, सोनम बाजवा, सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा और आन्या समेत सभी ने शानदार काम किया है। खासतौर पर मेरे करीबी दोस्त वरुण धवन ने तो हर सीन में अपना दिल और जान डाल दी है, जो कि वह सबसे बेहतर करते हैं। आपके लिए बहुत खुशी हो रही है, वरुण धवन। आपके लिए साल की शुरुआत वाकई जबरदस्त रही। पूरी टीम को मेरी तरफ से बधाई।
फिल्म बॉर्डर 2 को रिलीज के बाद से ही दर्शकों को जबरदस्त प्यार मिल रहा है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 177 करोड़ आकड़ा पार कर लिया है। फिल्म में कहानी को मजबूत तरीके से दिखाया गया है, जिसकी वजह से यह दर्शकों के दिलों को छू रही है। इसमें सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे कलाकारों की दमदार मौजूदगी है। बॉर्डर 2 के निर्माता गुलशन कुमार और टी-सीरीज हैं। फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह हैं, जबकि भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी. दत्ता, और निधि दत्ता इसके निर्माण में शामिल हैं। फिल्म को बिना किसी कट के यूए 13 प्लस के सर्टिफिकेट के साथ रिलीज किया गया है।




# मर्दानी से थप्पड़ तक - बदली हीरोइन की परिभाषा बॉलीवुड ने महिलाओं की आवाज को बनाया ताकत

भारत में बेटियों के प्रति सामाजिक सोच बदलने और उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को गुरुवार को 11 साल पूरे हो गए हैं। बॉलीवुड ने महिला केंद्रित कहानियों के जरिए समाज को प्रेरित करने का काम किया। 2014 के बाद रिलीज हुई कई फिल्मों ने यह संदेश दिया कि महिलाएं न सिर्फ अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सकती हैं, बल्कि अपने निर्णयों से समाज में बदलाव भी ला सकती हैं।

**मर्दानी** – रानी मुखर्जी की मर्दानी फ्रैंचाइजी लोगों की पसंदीदा है। अब इस फ्रैंचाइजी का तीसरा पार्ट जल्द ही आने वाला है। इसमें रानी ने शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार निभाया। 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी में शिवानी एक निडर पुलिस अधिकारी हैं, जो महिला उत्पीड़न और अपराध के खिलाफ लड़ती हैं। गोपी पुथरान के निर्देशन में बनी यह क्राइम थ्रिलर फिल्म पुरुष प्रधान मानसिकता के खिलाफ लड़ती है। रानी मुखर्जी ने अपने किरदार में भाव, चाल और फेमिनिस्ट रवैये के साथ पूरी फिल्म का भार अपने कंधों पर उठाया, जबकि विशाल जेठवा ने विलन के रूप में सस्पेंस और डर का असर बढ़ाया।




**थप्पड़** – अनुभव सिन्हा की फिल्म थप्पड़ ने घरेलू हिंसा और पारिवारिक दबाव की उन कहानियों को पर्दे पर उतारा, जिनमें अक्सर महिलाएं अपने हक के लिए खड़ी नहीं हो पातीं। 2020 में रिलीज हुई फिल्म में तापसी पन्नू ने अमृता के किरदार में एक सामान्य गृहिणी के रूप में दिखाया कि कैसे एक छोटे से थप्पड़ ने उसकी जिंदगी बदल दी और उसने अपने हक के लिए आवाज उठाई। फिल्म में कई औरतों के जीवन की कहानियों को दिखाया गया, जिसके जरिए समझाया गया कि हर महिला अपने अधिकार के प्रति संवेदनशील होती है।

**हिचकी** – 2018 में रिलीज हुई फिल्म हिचकी में रानी मुखर्जी ने एक अलग ही भूमिका निभाई। फिल्म में वह टीचर नैना माथुर के किरदार में टॉरेट सिंड्रोम जैसी चुनौती का सामना करती हैं। 18 स्कूलों से रिजेक्ट होने के बावजूद नैना अपने सपनों को पूरा करने और बच्चों को पढ़ाने के अपने जुनून में लगी रहती हैं। सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा के निर्देशन में बनी यह कॉमेडी ड्रामा समाज में उन बीमारियों और मानसिक चुनौतियों के प्रति जागरूकता फैलाती है, जिन्हें अक्सर हल्के में लिया जाता है। रानी का किरदार बताता है कि आत्मविश्वास और धैर्य से हर महिला अपने सपनों को सच कर सकती है।

**डियर जिंदगी** – 2016 में रिलीज हुई फिल्म में आलिया भट्ट और शाहरुख खान ने ऐसी कहानी प्रस्तुत की, जो मानसिक स्वास्थ्य और खुद को समझने के महत्व पर आधारित है। आलिया का किरदार कायरा अपनी जिंदगी की उलझनों और डर से जूझती है और मनोचिकित्सक शाहरुख खान उसे खुद को समझने और खुश रहने का तरीका सिखाते हैं। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी यह फिल्म महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के संदेश को बखूबी पेश करती है।

**राजी** – फिल्म राजी में आलिया भट्ट ने सहमत का किरदार निभाया, जो 1971 के भारत-पाक युद्ध के समय देश की खातिर पाकिस्तान में जासूस बन जाती है। 2018 में रिलीज हुई फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया। यह थ्रिलर न केवल देशभक्ति की कहानी बताती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि महिलाएं अपने साहस और बुद्धिमानी से किसी भी मुश्किल परिस्थिति में सफल हो सकती हैं।

**द केरल स्टोरी**– निर्देशक सुदीप्तो सेन की फिल्म द केरल स्टोरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म की कहानी फातिमा उर्फ शालिनी (अदा शर्मा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी सहेलियों गीतांजलि (सिद्धि इदनानी), निमाह (योगिता बिहानी) और आसिफा (सोनिया बलानी) के साथ नर्सिंग स्कूल में एडमिशन लेती है, लेकिन इस दौरान वे कट्टरपंथी संगठनों के जाल में फंस जाती हैं। अदा शर्मा का किरदार डर, पीड़ा और बेचैनी के बावजूद अपनी पहचान और स्वतंत्रता की लड़ाई को मजबूती से दिखाता है।



# आस्ट्रेलियाई ओपन में दोहराया गया इतिहास

● किसी कपल ने 37 साल बाद लगातार दूसरे साल जीता खिताब ● डबल्स खिताब जीतने वाली गादेकी और पीयर्स 62 साल में पहली ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बन गए

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में ओलिविया गादेकी और जॉन पीयर्स की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। इस ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स फाइनल में फ्रांस की क्रिस्टिना मलादेनोविक और मैनुएल गिनार्ड की जोड़ी को हराकर खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही वे ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास में लगातार दूसरी बार ये खिताब जीतने वाली 37 साल में पहली जोड़ी बन गए हैं। इतना ही नहीं किसी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने लगातार दूसरे साल खिताब जीतने का कारनामा 62 साल बाद किया है। इस जोड़ी ने फाइनल में फ्रांसीसी जोड़ी को पहला सेट हारने के बाद कड़े संघर्ष के बीच 4-6, 6-3 और 10-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया है।

**1989 में हुआ था आखिरी बार ऐसा-** ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास में आखिरी बार 1989 में ऐसा हुआ था, जब कोई जोड़ी अपने मिक्स्ड डबल्स खिताब का बचाव करने में सफल रही थी। तब यह रिकॉर्ड याना नोवोत्ना और जिम पुघ की जोड़ी ने बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार दो साल ऑस्ट्रेलियन ओपन मिक्स्ड डबल्स खिताब जीतने वाली जोड़ी मार्ग्रेट कोर्ट और केन फ्लेचर की थी, जिन्होंने 62 साल पहले ऐसा किया था।



**पहला सेट जीतकर फ्रांसीसी जोड़ी ने बना ली थी पकड़-** फ्रांसीसी जोड़ी ने पहला सेट 6-4 से जीतकर बढ़त बना ली थी। उन्होंने मैच पर अपनी पकड़ बनाने का संकेत दिया था, लेकिन अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल रही ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में शानदार वापसी कर ली।

### टाईब्रेकर में भी पिछड़ रही थी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी

रॉड लेवर एरिना में खेले गए फाइनल मुकाबले में टाईब्रेकर के दौरान भी स्टैंड्स में बैठे ऑस्ट्रेलियाई दर्शक तब मायूस दिख रहे थे, जब गादेकी और पीयर्स की स्थानीय जोड़ी 5-7 से पिछड़ गई थी। मैच पूरी तरह फ्रांसीसी जोड़ी के कब्जे में दिख रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने जबरदस्त संघर्ष करते हुए पलटवार किया और टाईब्रेकर को 10-8 से अपने नाम कर लिया। उन्होंने अपने दूसरे चैंपियनशिप पॉइंट पर जैसे ही जीत हासिल की, पूरे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी के साथ इस जोड़ी का नाम इतिहास के पन्ने पर लिखा जा चुका था।

## डीकॉक का 100वें टी20 मैच में शतक

### दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से श्रृंखला जीती

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में शतक जड़ा जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221



रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि डीकॉक की 49 गेंदों में 115 रन की मदद से 17.3 ओवर तीन विकेट पर 225 रन बनाकर 15 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। डीकॉक ने डेवाल्ड ब्रेविस से उधार लिए बल्ले से खेलते हुए अपनी पारी में छह चौके और 10 छक्के लगाए। यह उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। रयान रिकेल्टन ने भी अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने 36 गेंदों में 77 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कप्तान एडन मार्कम (15) के जल्दी आउट हो जाने के बाद डीकॉक और रिकेल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। श्रृंखला का तीसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा, जिसके बाद दोनों टीमें अगले सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होंगी।

## पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई रोक नहीं: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि पूर्व भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कई महिला पहलवानों द्वारा दायर यौन उत्पीड़न मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई रोक नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने यह बयान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख की एफआईआर और उनके खिलाफ दर्ज आरोपों को रद्द करने की याचिका पर सुनवाई के लिए 21 अप्रैल की तारीख तय करते हुए दिया।




याचिकाकर्ता के वकील द्वारा स्थगन का अनुरोध किए जाने पर न्यायाधीश ने याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी और अगली सुनवाई की तारीख पर निचली अदालत के रिकॉर्ड मंगवाए। बृज भूषण के वकील द्वारा मुख्य वकील की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए स्थगन का अनुरोध किए जाने पर अदालत ने सवाल किया कि याचिकाकर्ता द्वारा इस मामले पर अभी तक बहस क्यों नहीं की गई है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, आप इस पर बहस क्यों नहीं कर रहे हैं? आपने याचिका दाखिल की है, लेकिन इस पर एक बार भी बहस नहीं हुई है। इस पर बृज भूषण के वकील ने भरोसा दिलाया कि अगली तारीख पर याचिका पर बहस की जाएगी। अदालत ने साफ कहा, %कोई रोक नहीं है। यह स्पष्ट किया जाता है कि निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई स्थगन नहीं है। सिंह ने वर्ष 2024 में उच्च न्यायालय का रुख करते हुए कहा था कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। अपनी याचिका में उन्होंने आरोप लगाया कि जांच पक्षपातपूर्ण तरीके से की गई और केवल पीड़ितों के बयानों को ही आधार बनाया गया, जो उनसे बदला लेना चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपों की सच्चाई की जांच किए बिना ही निचली अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दी गई। निचली अदालत ने 21 मई, 2024 को यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए।

# न्यूजीलैंड के साथ आखिरी टी20 आज

### मैच के लिए तिरुवनंतपुरम में पहुंची भारतीय टीम

● संजू की फॉर्म पर सुरेश रैना का साफ मैसेज, वर्ल्ड कप में बताई जीत की कुंजी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारियों के बीच भारतीय क्रिकेट को लेकर चर्चाएं तेज़ हो गई हैं। इसी कड़ी में भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज और वर्ल्ड कप विजेता सुरेश रैना ने टीम इंडिया के संभावित कॉम्बिनेशन पर खुलकर



अपनी राय रखी है। खास तौर पर उन्होंने संजू सैमसन की मौजूदा फॉर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। रैना का मानना है कि खराब आंकड़ों के बावजूद सैमसन जैसे खिलाड़ी को लगातार मौके देना भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**सूर्यकुमार यादव से की तुलना-** वर्ल्ड लेजेंड्स प्रो टी20 लीग के दौरान मीडिया से बातचीत में रैना ने सैमसन की स्थिति की तुलना सीधे सूर्यकुमार यादव से की। उनके अनुसार, लगभग एक साल तक सूर्या रन नहीं बना पाए थे, लेकिन टीम ने उन्हें लगातार मौके दिए। वही भरोसा अगर संजू को मिला, तो वह भी मैच विनर बनकर उभर सकते हैं। रैना का

- **टॉप-4 को बताया भारत का 'इंजन रूम'-** सुरेश रैना के एनालिसिस का सबसे अहम हिस्सा भारत का टॉप-4 बल्लेबाज़ी क्रम रहा। उन्होंने कहा कि यही चार बल्लेबाज़ तय करेंगे कि टीम 170 पर रुकेगी या 210 के पार जाएगी। रैना के मुताबिक, टॉप-4 का काम सिर्फ टिककर खेलना नहीं, बल्कि शुरुआती बढ़त को बड़े स्कोर में बदलना है।
- **अभिषेक शर्मा-ईशान किशन की जोड़ी से उम्मीद-** रैना ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की ओपनिंग जोड़ी की खुलकर तारीफ की। उन्होंने उनकी निडर बल्लेबाज़ी को भारत के लिए बड़ा हथियार बताया। उनका कहना है कि यह जोड़ी पहले 10 ओवर में ही 140-150 रन बनाने या चेज़ करने की क्षमता रखती है। लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन गेंदबाज़ों पर अतिरिक्त दबाव बनाता है।

### संजू सैमसन पर रैना का साफ संदेश

सुरेश रैना ने साफ कहा कि संजू सैमसन की हालिया फॉर्म पर जरूरत से ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। जनवरी 2025 के बाद से उनका औसत भले ही 20 से नीचे रहा हो, लेकिन रैना के मुताबिक क्लास कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने टीम मैनेजमेंट को सलाह दी कि सैमसन के साथ वही धैर्य दिखाया जाए, जो एक समय सूर्यकुमार यादव के मामले में दिखाया गया था। रैना ने कहा कि जब सूर्या रन नहीं बना पा रहे थे, तब भी कप्तान और कोच ने उन पर भरोसा बनाए रखा, और नतीजा सबके सामने है।

- **सूर्यकुमार यादव बने संजू सैमसन के 'बॉडीगार्ड'-** एयरपोर्ट पर रास्ता कराया खाली; वायरल हो रहा भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेलना है। ये मैच संजू सैमसन के घरेलू राज्य में है। संजू की लोकप्रियता पूरे भारत में कम नहीं है और अपने राज्य में तो वह और ज्यादा ही फेमस हैं। इसी को लेकर सूर्यकुमार यादव ने एयरपोर्ट पर उनके मजे ले लिए। संजू जब टीम से बाहर होते हैं तो उनके फैंस सोशल मीडिया पर बवाल काट देते हैं। उनके बाहर जाने के बाद फैंस सेलेक्शन कमेटी से लेकर कप्तान और कोच को भी आड़े हाथों ले लेते हैं। उनकी दीवानगी तिरुवनंतपुरम में भी देखने को मिली।
- **सूर्यकुमार यादव ने लिए मजे-** पांचवें मैच के लिए भारतीय टीम तिरुवनंतपुरम पहुंच चुकी है। टीम जब फ्लाइट से उतरी और एयरपोर्ट से बाहर आ रही थी तो सूर्यकुमार और संजू साथ में ही थे। सूर्यकुमार ने यहीं से संजू के मजे लेने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा, 'साइड में हटो, साइड में हटो। प्लीज रास्ता बनाओ। चेट्टा को डिस्टर्ब मत करो।' फिर जब संजू एस्केलेटर से उतर रहे थे तब सूर्यकुमार ने पूछा, 'भगवान के देश में लैंड किया है।'

## किंग कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट कुछ घंटों तक गायब रहने के बाद फिर एक्टिव हुआ

**बंगलूर (एजेंसी)।** क्रिकेट के किंग विराट कोहली के प्रशंसकों के लिए शुक्रवार की सुबह किसी झटके से कम नहीं थी। अचानक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम से विराट कोहली का आधिकारिक अकाउंट गायब हो गया जिससे उनके 27.4 करोड़ (274 फॉलोअर्स के बीच हड़कंप मच गया।... हालांकि कुछ घंटों के रहस्य और सस्पेंस के बाद अब विराट का अकाउंट फिर से एक्टिव हो गया है।

### सुबह-सुबह फैंस को लगा झटका



30 जनवरी 2026 की सुबह जब फैंस ने इंस्टाग्राम पर विराट कोहली की प्रोफाइल सर्च की तो वहां दिस पेज इज नाट अलेविल का मैसेज दिखाई दिया। देखते ही देखते एक्स पर विराट कोहली ट्रेंड करने लगा। लोग कयास लगाने लगे कि क्या विराट ने सोशल मीडिया से संन्यास ले लिया है या उनका अकाउंट हैक हो गया है। रहस्य तब और गहरा गया जब खबर आई कि विराट के भाई विकास कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट भी उसी समय गायब हो गया है।

### क्या थी वजह?

विराट कोहली या उनकी टीम की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया है लेकिन जानकारों का मानना है कि यह इंस्टाग्राम के सर्वर या किसी तकनीकी खराबी के कारण हो सकता है।पिछले कुछ समय से विराट अपनी प्राइवेसी को लेकर काफी गंभीर रहे हैं। फैंस का मानना था कि शायद उन्होंने परिवार के साथ समय बिताने के लिए अकाउंट डीएक्टिवेट किया हो।

# 5 बल्लेबाज जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में ठोके हैं सबसे तेज शतक



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप को शुरू होने में कुछ ही समय बाकी है। इस साल टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में खेला जा रहा है। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेविस हेड और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ी इस साल वर्ल्ड कप में ताबड़तोड़ पारियां खेल सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि इस टूर्नामेंट कके इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले 5 बल्लेबाज कौन से हैं? खास बात यह है कि इस लिस्ट में दो बार क्रिस गेल का ही नाम है।

### क्रिस गेल के नाम ही है दो तेज शतक

- **क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 47 गेंद-** टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड 'यूनिवर्स बॉस' क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने 2016 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मात्र 47 गेंदों पर शतक जड़ा था। इस पारी में उन्होंने 11 छक्के लगाकर इंग्लिश गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी थीं।
- **क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 50 गेंद-** दिलचस्प बात यह है कि दूसरा सबसे तेज शतक भी क्रिस गेल के ही



नाम है। उन्होंने 2007 के पहले टी20 वर्ल्ड कप के ओपनिंग मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 50 गेंदों में



शतक पूरा किया था। यह टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का पहला शतक भी था।

ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) - 51 गेंद

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 2012 के वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ पल्लेकेले में मात्र 51 गेंदों पर शानदार शतक जड़ा था। उनकी 123 रनों की वह पारी लंबे समय तक टूर्नामेंट का हाईएस्ट स्कोर रही थी।

- **रिली रोसौव (दक्षिण अफ्रीका) - 52 गेंद-**दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसौव ने 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ सिडनी में कहर बरपाया था। उन्होंने केवल 52 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रोसौव टी20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले पहले साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज भी बने।
- **अहमद शहजाद (पाकिस्तान) - 58 गेंद-**पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अहमद शहजाद ने 2014 के टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था। उन्होंने 58 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। वह पाकिस्तान की ओर से टी20 इंटरनेशनल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बने थे।

# आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास

### रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा



**आयरलैंड (एजेंसी)।** आयरलैंड क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज़ और मौजूदा कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने पुरुष टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक नया इतिहास रच दिया है। गुरुवार को यूएई के खिलाफ दुबई में खेले गए मुकाबले में उन्होंने अपना 160वां टी-20 मैच खेलते हुए यह अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस उपलब्धि के साथ स्टर्लिंग ने भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। निरंतरता, अनुभव और आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर स्टर्लिंग अब टी20 क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद चेहरों में शुमार हो चुके हैं।

- **160वां टी-20 और ऐतिहासिक उपलब्धि-** पॉल स्टर्लिंग ने यूएई के खिलाफ मैदान पर उतरते ही पुरुष क्रिकेट में सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यह उपलब्धि उनके लंबे और स्थिर करियर की पहचान है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था, लेकिन स्टर्लिंग ने लगातार खेलते हुए यह मुकाम हासिल किया। 2009 से आयरलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे स्टर्लिंग ने यह साबित किया है कि छोटे क्रिकेटिंग राष्ट्रों के खिलाड़ी भी वैश्विक मंच पर इतिहास रच सकते हैं।
- **टी-20 रन चार्ट में टॉप बल्लेबाजों में शामिल -** पॉल स्टर्लिंग सिर्फ मैचों की संख्या में ही आगे नहीं हैं, बल्कि रन बनाने के मामले में भी उन्होंने खुद को शीर्ष बल्लेबाज़ों में शामिल किया है। वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनके नाम 3,874 रन दर्ज हैं, जिसमें एक शतक और 24 अर्धशतक शामिल हैं। उनसे आगे पाकिस्तान के बाबर आजम, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज मौजूद हैं, जो उनकी उपलब्धि को और भी खास बनाता है।
- **अनुभव और निरंतरता की मिसाल-** स्टर्लिंग के साथ खेलने वाले आयरलैंड के जॉर्ज डॉकरेल इस सूची में 153 मैचों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी (148 मैच) और इंग्लैंड के जोस बटलर (144 मैच) भी इस एलीट क्लब का हिस्सा हैं। इतने लंबे समय तक फिट रहना और नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना स्टर्लिंग की मेहनत, अनुशासन और क्रिकेट के प्रति समर्पण को दर्शाता है।
- **आक्रामक बल्लेबाजी बनी पहचान-** पॉल स्टर्लिंग अपनी पावर-हिटिंग के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं। वह गेंद पर जबरदस्त ताकत लगाकर खेलने में माहिर हैं और सीधे या मिडविकेट के ऊपर से लगाए गए उनके पुल शॉट दर्शकों को खूब रोमांचित करते हैं।

बड़े मैचों में प्रदर्शन करना उनकी खासियत रही है। 2012 और 2013 के वर्ल्ड टी20 क्वालीफायर फाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई उनकी पारियां आज भी याद की जाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# कड़कड़डूमा में बनेगा पूर्वी दिल्ली का मिनी सचिवालय

### एक ही छत के नीचे होंगे सारे सरकारी काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप पूर्वी दिल्ली में रहते हैं और सरकारी कामों के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर काटकर थक चुके हैं, तो यह खबर आपको राहत देने वाली है। कड़कड़डूमा में खाली पड़ी 12 मंजिला इमारत अब पूर्वी दिल्ली जिले का मिनी सचिवालय बनने जा रही है।

**12 मंजिला इमारत में शिफ्ट होंगे सभी बड़े दफ्तर**– कड़कड़डूमा कोर्ट के पास स्थित एमसीडी का ऑफिस कॉम्प्लेक्स, जिसे मूल रूप से पूर्वी दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय के रूप में बनाया गया था, अब पूर्वी दिल्ली जिले का प्रशासनिक केंद्र बनेगा। इस एक ही जगह पर डीएम, राजस्व अधिकारी और अन्य नागरिक



सेवाओं के दफ्तर मौजूद होंगे, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली के सभी 13 नए जिलों में ऐसे एकीकृत प्रशासनिक हब बनाने की योजना है ताकि सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान हो सके।

**मेट्रो के पास, 200+ गाड़ियों की पार्किंग**– यह इमारत सिर्फ ऊंची ही नहीं, बल्कि सुविधाओं से भी लैस है। यह पूरी तरह से वातानुकूलित है। यहां 216 वाहनों के लिए पार्किंग की जगह है और यह मेट्रो स्टेशन के बिल्कुल करीब है, जिससे लोगों का यहां पहुंचना आसान होगा। यह कॉम्प्लेक्स 7,132 वर्ग मीटर में फैला है और इसमें तीन ब्लॉक हैं। साल 2022 में दिल्ली के तीनों नगर निगमों के एक होने के बाद से यह इमारत खाली पड़ी थी और इसका कोई स्पष्ट उपयोग नहीं हो पा रहा था। एमसीडी अधिकारियों का कहना है कि इस इमारत के रखरखाव पर भारी खर्च हो रहा था। इसे दिल्ली सरकार को सौंपने या लीज पर देने से एमसीडी को राजस्व मिलेगा और रखरखाव का खर्च बचेगा।

**सीएम और मेयर की मीटिंग के बाद लगेगी अंतिम मुहर**– इस प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देने के लिए एमसीडी मेयर राजा इकबाल सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बीच जल्द ही एक बैठक होने की संभावना है। इसके अलावा, मंडावली, उत्तर जिला, कंझावला और द्वारका सेक्टर-10 में भी इसी तरह के मिनी सचिवालय बनाने का काम पीडब्ल्यूडी को सौंपा गया है।

## बारामती विमान दुर्घटना पर नहीं फैलाएं अफवाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पायलटों के समूह एएलपीए इंडिया ने बारामती विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्ति की है और लोगों से दुर्घटना के संबंध में अफवाह फैलाने और नैरेटिव गढ़ने से बचने की अपील की है। बारामती एयरपोर्ट के पास बुधवार सुबह विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, दो पायलट और दो अन्य की मौत हो गई थी। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए इंडिया) ने गुरुवार को एक बयान में कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि दोनों पायलटों ने पेशेवर नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन किया होगा और अपनी अंतिम सांस तक विमान और उसमें सवार लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया होगा। इसमें सभी से यह आग्रह भी किया गया है कि वे सत्यापित तथ्यों और उचित जांच के बगैर अटकलें, अफवाहें या नैरेटिव गढ़ने से बचें। पायलटों के संगठन ने कहा, हमें विश्वास है कि डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) और एएआइबी (विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो) एक गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करेंगे और उचित समय पर अपने निष्कर्षों को सामने रखेंगे।

# फॉर्म 7 के इस्तेमाल का भाजपा पर आरोप लगा रही कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का दावा है कि वर्तमान में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अवैध रूप से हटाए जा रहे हैं। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि इससे संबंधित सभी संदिग्ध मामलों की प्रक्रिया रोकी जाए तथा स्वतंत्र जांच कराई जाए।

मुख्य आरोपः फॉर्म-7 का दुरुपयोग

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर दावा किया कि फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि फॉर्म-7 से संबंधित संपूर्ण आंकड़े सार्वजनिक किए जाने चाहिए। वेणुगोपाल ने पत्र में कहा- हम इस आयोग का ध्यान एक अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय की ओर आकृष्ट करना चाहते हैं, जो विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावा एवं आपत्तियां दर्ज कराने के चरण में योग्य मतदाताओं के नामों को गलत तरीके से हटाए जाने से संबंधित है।

फॉर्म-7 क्या है और कब और क्यों भरते हैं?

फॉर्म-7 किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसका नाम सूची से हटवाने या किसी नाम पर वैध आपत्ति दर्ज करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। कब और क्यों भरते हैं- यदि मतदाता सूची में किसी का नाम गलत तरीके से शामिल हो गया हो- जैसे मृत व्यक्ति का नाम अभी भी सूची में है, या कोई व्यक्ति उस क्षेत्र से स्थायी रूप से जा चुका है, या डुप्लिकेट



एंट्री है)। अपना नाम हटवाने के लिए- यदि कोई व्यक्ति स्वयं अपना नाम मतदाता सूची से हटवाना चाहता है (जैसे स्थान परिवर्तन या अन्य कारण से)।

कांग्रेस का कहना है कि इस फॉर्म का इस्तेमाल जीवित और पात्र मतदाताओं को सूची से बाहर करने के लिए एक हथियार के रूप में किया जा रहा है ताकि चुनावी लाभ लिया जा सके। वेणुगोपाल ने अपने पत्र में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की है कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जो बात अत्यंत चिंताजनक है और जिस पर आयोग का तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है, वह यह है कि मीडिया की खबरों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई है जो भाजपा से जुड़े हैं और निर्वाचन आयोग के ही दस्तावेज़ 'फॉर्म-7' का दुरुपयोग कर योग्य मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटवा रहे हैं।

कांग्रेस नेता का कहना है कि यदि इन कार्रवाइयों को रोका नहीं गया और आयोग द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया, तो इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अनुचित चुनावी लाभ प्राप्त करने का दुस्साहस मिलेगा तथा लाखों मतदाता विशेषकर पिछड़े, हाशिए पर रहने वाले समुदायों से संबंधित लोग अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। उनका कहना है कि दावों एवं आपत्तियों की अवधि में प्रमाण प्रस्तुत करने का दायित्व फॉर्म-7 भरने वाले व्यक्ति पर ही होता है तथा झूठी जानकारी देने पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अंतर्गत दंड का प्रावधान है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर जो कुछ हो रहा है, वह अत्यंत चौंकाने वाला है और इस पर तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है। वेणुगोपाल ने दावा किया- फॉर्म-7 के 'प्री-प्रिंटेड' आवेदन बड़ी संख्या में किसी केंद्रीकृत प्रणाली से तैयार किए जा रहे हैं। इनका उपयोग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। इन फॉर्म को संगठित ढंग से विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ को सौंपा जा रहा है।

# दिल्ली में बीजेपी सरकार को एक साल

### सीएम ने मंत्रियों से रिपोर्ट कार्ड मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार को अगले माह एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में दिल्ली सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से सरकार के सभी मंत्रियों को अपनी रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। इसमें उन्हें बताना होगा कि बीते एक वर्ष में उनके विभाग ने क्या-क्या काम किए हैं, कौन सी परियोजनाओं पर अभी काम चल रहा है जो पूरी होने वाली हैं और अगले वर्ष किन परियोजनाओं का शिलान्यास वह करने जा रहे हैं।

**सभी मंत्रियों को सीएम के निर्देश**– जानकारी के अनुसार फरवरी 2025 में भाजपा ने चुनाव जीतकर दिल्ली में सरकार बनाई थी। 20 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं मंत्रियों की शपथ के साथ सरकार का गठन हुआ था। इसके बाद दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की शुरुआत की गई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से सभी 6 मंत्रियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने विभागों का रिपोर्ट कार्ड जल्द से जल्द तैयार करें। इन विभागों द्वारा एक वर्ष के दौरान कितना काम किया गया है, इसका ब्यौरा दें ताकि उसे सरकार वार्षिक रिपोर्ट कार्ड में शामिल कर सके। इसके साथ ही भविष्य की योजनाओं को भी साझा करने के लिए कहा गया है, जिससे कि विकास की रूपरेखा बन सके।




**नाबालिग सुधार परिसर का निर्माण किया जाएगा**– दिल्ली सरकार कानून का उल्लंघन करने वाले नाबालिगों के सुधार के लिए एकीकृत परिसर का निर्माण करेगी। अलीपुर में आठ एकड़ में बनने वाला यह परिसर 700 बच्चों की क्षमता का होगा। इसमें उन्हें रखा जाएगा, जो जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष अपनी सुनवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## अजित पवार का प्लेन कोई और उड़ाने वाला था, क्यों अचानक कैप्टन सुमित को जाना पड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार जिस प्लेन क्रैश में मारे गए उसे कैप्टन सुमित कपूर उड़ा रहे थे। बुधवार को हुए हादसे में पवार और सुमित समेत पांच लोगों की जान चली गई। गुरुवार को कैप्टन सुमित का दाह संस्कार दिल्ली में किया गया। सुमित के दोस्तों का कहना है कि वह उस दिन विमान नहीं उड़ाने वाले थे। किसी और पायलट के हिस्से यह जिम्मेदारी थी, लेकिन उसके ट्रैफिक जाम में फंस जाने की वजह से सुमित को अचानक भेजा गया। एनडीटीवी ने सुमित के दोस्तों से बातचीत के आधार पर एक रिपोर्ट दी है। इसके मुताबिक सुमित कपूर कुछ दिन पहले ही हॉन्ग-कॉन्ग से लौटे थे। घटना से कुछ घंटे पहले ही उन्हें अजित पवार की फ्लाइट को बारमती ले जाने का असाइनमेंट मिला था। अजित पवार को अपने गृह नगर में चुनावी रैलियों को संबोधित करने जाना था। दिल्ली की एयरलाइंस कंपनी वीएसआर वेंटर्स की ओर से संचालित लेजरजेट 45 विमान को लेकर कपूर ने सुबह करीब 8 बजे उड़ान भरी थी। बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दूसरे प्रयास के दौरान सुबह करीब 8.45 बजे अजित पवार का विमान क्रैश हो गया। अजित पवार, पायलट सुमित कपूर और को-पायलट सांभवी पाठक समेत सभी पांच लोग मारे गए। इन तीनों के अलावा फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली और पवार के सिक्यॉरिटी गार्ड विदिप जाधव की जान चली गई।

# पानी के बिल माफी की तारीख बढ़ी, लेकिन एक शर्त भी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों को सरकार ने बड़ी खुशखबरी दी है। अगर आप भी 31 जनवरी की डेडलाइन को लेकर परेशान थे और अपना पानी का बिल जमा नहीं कर पाए थे, तो अब राहत की सांस लीजिए। दिल्ली सरकार ने दिल्लीवासियों की शिकायतों को सुनते हुए लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना की तारीख बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है।

**लेकिन एक जरूरी शर्त**– माफी योजना की तारीख तो बढ़ गई है, लेकिन सरकार अब सिस्टम को लेकर सख्त है। जल मंत्री ने स्पष्ट किया है कि बिलिंग सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए अब उपभोक्ताओं का चड्ढष्ट वेरिफिकेशन किया जाएगा। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि हर उपभोक्ता का मोबाइल नंबर और घर का पता विभाग के पास सही-सही अपडेट हो। इसका मकसद यह है कि भविष्य में लोगों को बिल मिलने में दिक्कत न हो और वे आसानी से ऑनलाइन पेमेंट कर सकें।

क्यों लिया गया यह **फैसला**– पिछली रिपोर्टों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशंस ने एवरेज बिलिंग और पुराने सिस्टम की शिकायतें की थीं। जल मंत्री ने माना कि इन तमाम शिकायतों और अनुरोधों को देखते हुए ही सरकार ने यह मोहलत देने का फैसला किया है। सरकार का फोकस अब अपने पूरे सिस्टम को सुधारने पर है ताकि भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां न हों।

### अब 15 अगस्त तक मिलेगा छूट का लाभ

दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने साफ कर दिया है कि सरकार बिल माफी योजना (2025-26) को आगे बढ़ा रही है। मंत्री ने घोषणा की है कि अब इस योजना का लाभ 15 अगस्त तक उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से बात करने के बाद उनकी सहमति ले ली गई है। यह विस्तार केवल एक बार के लिए दिया जा रहा है ताकि पूरे सिस्टम को ठीक किया जा सके।

## नए दौर में बांग्लादेश और पाकिस्तान के रिश्ते, 14 साल बाद फिर शुरू हुई सीधी फ्लाइट

**लाहौर/कराची, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से एक विमान बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के कराची स्थित जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, जिससे 14 वर्षों के बाद दोनों देशों के बीच निर्बाध हवाई संपर्क फिर से स्थापित हो गया।

पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) के अनुसार, ढाका से कराची जाने वाली बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस की उड़ान (बीजी-341) बृहस्पतिवार शाम कराची पहुंची। एक बयान में कहा गया है, यह पिछले 14 वर्षों में ढाका से कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने वाली पहली उड़ान है।



**बेहतर हो रहे हैं बांग्लादेश-पाकिस्तान रिश्ते :** हाल के वर्षों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार के संकेत साफ दिखाई दे रहे हैं। खास तौर पर वर्ष 2024 में बांग्लादेश में छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन के बाद शेख हसीना की 15 साल पुरानी सत्ता के खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आया है। इसी अवधि में भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी ठंडापन देखा गया है।

नवंबर 2024 में कराची से बांग्लादेश के प्रमुख बंदरगाह चटगांव के लिए कार्गो जहाजों की आवाजाही दोबारा शुरू हुई थी। इसके बाद से दोनों देशों के बीच व्यापार में बढ़ोतरी हुई है। सांस्कृतिक स्तर पर भी रिश्ते मजबूत हुए हैं और पाकिस्तानी गायक ढाका में प्रस्तुति दे रहे हैं, जबकि कई बांग्लादेशी मरीज इलाज के लिए पाकिस्तान का रुख कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आंख का हुआ ऑपरेशन, अस्पताल से जेल में हुए शिफ्ट

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इन्साफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें पिछले कई दिनों से आंख की समस्या से परेशान थे। जिसके बाद एक छोटे सा ऑपरेशन किया गया। फिलहाल वह ठीक हैं और उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। इस बात की जानकारी पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने गुरुवार को दी।



**अस्पताल से जेल में शिफ्ट हुए इमरान खानः** तरार ने बताया कि खान की आंखों की प्रारंभिक जांच आदियाला जेल में की गई थी, जिसके बाद विशेषज्ञों ने सलाह दी कि उन्हें आगे की जांच और इलाज के लिए इस्लामाबाद के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ले जाया जाए। शनिवार रात डॉक्टरों की सलाह पर खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में खान की आंखों की फिर से जांच की गई और उनकी लिखित सहमति से लगभग 20 मिनट की एक छोटी चिकित्सा प्रक्रिया की गई। इसके बाद खान को आवश्यक चिकित्सकीय निर्देशों के साथ आदियाला जेल वापस भेज दिया गया।

**मंत्री ने सोशल मीडिया के अफवाहों को किया खारिजः** पूर्व प्रधानमंत्री के हालात की जानकारी देते हुए मंत्री तरार ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान इमरान खान के स्थिर रहे और उनकी कुल स्वास्थ्य स्थिति संतोषजनक थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि खान की स्थिति गंभीर नहीं है।

**इमरान खान की पार्टी ने कोर्ट से लगाई गुहारः** इस बीच, पीटीआइ अध्यक्ष गोहर खान ने खान के स्वास्थ्य के बारे में पार्टी और परिवार को जानकारी नहीं दिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और तुरंत उनसे मिलने की अनुमति मांगी। खान की कानूनी टीम ने भी एंटी-टेररिज्म कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें उनके निजी डॉक्टरों और विशेषज्ञों को जेल में उनसे मिलने की अनुमति देने की मांग की गई है।

# बढ़ती करीबी के बीच अमेरिका का पाकिस्तान को करारा तमाचा, अपने नागरिकों को पाक जाने से किया मना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका जहां एक ओर पाकिस्तान के साथ नजदीकी बढ़ा रहा है, उसके सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर को भोज पर आमंत्रित कर चुका है। वहीं दूसरी ओर, उसने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अब अपने नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा न करने की सलाह दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी नई ट्रैवल एडवाइजरी में आतंकवाद, अपहरण और संभावित सशस्त्र संघर्ष के खतरों को देखते हुए नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने की सलाह दी गई है। इस ट्रैवल एडवाइजरी में पाकिस्तान को लेवल 3 (पुनर्विचार करें) श्रेणी में रखा गया है।

**अमेरिका की चेतावनीः** रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में आतंकवाद, नागरिक अशांति और अपराध का उच्च जोखिम है। अमेरिकी विदेश विभाग ने चेतावनी दी है कि आतंकवादी बिना किसी पूर्व सूचना के



परिवहन केंद्रों, बाजारों, शॉपिंग माल, सैन्य ठिकानों, स्कूलों, अस्पतालों और धार्मिक स्थलों को निशाना बना सकते हैं।

एडवाइजरी में विशेष रूप से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों के लिए लेवल 4 (यात्रा न करें) की चेतावनी दी गई है। इन क्षेत्रों में हत्या और अपहरण के प्रयासों को आम बताया गया है। यह चेतावनी उन अमेरिकी नागरिकों पर भी समान रूप से लागू होती है जो पाकिस्तानी मूल के हैं।

**एडवाइजरी में क्या-क्या हैः** इसके अतिरिक्त, अमेरिकी नागरिकों को पाकिस्तान में बिना अनुमति के प्रदर्शनों का हिस्सा न बनने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में कहा गया है कि इंटरनेट मीडिया पर पाकिस्तानी सरकार या सेना की आलोचना करने वाली पोस्ट डालने पर भी विदेशी नागरिकों को हिरासत का सामना करना पड़ सकता है।

# डेनमार्क की पीएम ने ट्रम्प को झुकने को मजबूर किया

### देशभर में बढ़ी फ्रेडरिक्स की लोकप्रियता, अब सर्वे में पार्टी को 9 सीटों का फायदा

**कोपनहेगन, एजेंसी।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद का फायदा डेनिश पीएम मेट फ्रेडरिक्सन को मिला है। अमेरिकी वेबसाइट द पोलिटिको ने लिखा है कि फ्रेडरिक्सन को राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया कहना चाहिए क्योंकि उन्होंने उन्हें गहराते राजनीतिक संकट से बाहर निकाल लिया है। फ्रेडरिकसन की पार्टी के पॉपुलैरिटी में काफी उछाल आया है। सर्वे में सोशल डेमोक्रेट्स को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिख रही थीं। यानी एक ही महीने में पार्टी की स्थिति में करीब 9 सीटों का उछाल आया है।

पिछले साल नवंबर 2025 में सोशल डेमोक्रेट पार्टी लोकल चुनाव हार गई थी। सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी। स्थिति तब बदलनी शुरू हुई, जब ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से छीनकर अपने में मिलाने की धमकी दी। इसके जवाब में डेनमार्क की प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन ने खुलकर देश की संप्रभुता का बचाव किया।

गठबंधन की सरकार चला रहीं फ्रेडरिक्सन

डेनमार्क में संसद में कुल 179 सीटें हैं, इनमें से प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट्स के पास 50 सीटें हैं। सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी इस समय देश में गठबंधन सरकार चला रही है। इस गठबंधन में दो सेंटर-राइट पार्टियां मॉडरेटर्स और वेनस्टर भी शामिल हैं।

मेगाफॉन नाम की एक डेनिश कंसल्टेंसी के सर्वे में सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 22.7 प्रतिशत वोट और संसद की 41 सीटें मिलीं। यह सर्वे 20 से 22 जनवरी के बीच किया गया। दिसंबर में हुए सर्वे में फ्रेडरिकसन की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिखाई गई थीं।

ताजा सर्वे दिखाते हैं कि 41 सीटों के साथ भी वे संसद की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहेंगी। इससे वे फिर से गठबंधन सरकार बनाने की बातचीत में सबसे मजबूत स्थिति में आ जाएंगी, हालांकि सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

100 साल में पहली बार राजधानी में हारी पार्टी

समर्थन में आई यह बढ़त इसलिए और भी खास मानी जा रही है, क्योंकि नवंबर में हुए नगर निगम चुनावों में सोशल डेमोक्रेट्स को करारी हार मिली थी। इस चुनाव में पार्टी ने कोपेनहेगन गंवा दिया था, जो बेहद अहम सीट थी और जिसे पार्टी ने पिछले 100 सालों में कभी नहीं खोया था।

डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन के नेतृत्व वाली मॉडरेट्स पार्टी ने इस सर्वे में अपना वोट शेयर लगभग तीन गुना कर लिया। पार्टी का वोट 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गया। यह करीब 12 सीटों के बराबर है।

वहीं एक और एजेंसी वॉक्समीटर के सोमवार को जारी सर्वे में फ्रेडरिकसन की कैबिनेट को 40.9 समर्थन मिला, जो दो साल में सबसे ऊंचा स्तर है। अगर आज चुनाव होते हैं तो गठबंधन के 73 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है।

# कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराएं मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा: डीडीसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** जिले में आयोजित होने वाली मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में विस्तृत समीक्षा-सह-ब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीएसई अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी बीडीओ, सीओ, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, परीक्षा केंद्राधीक्षक, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षा है, इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या नियमों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

डीडीसी ने कहा कि परीक्षा केंद्राधीक्षक परीक्षा व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। केंद्राधीक्षक यह सुनिश्चित करें कि केंद्र पर प्रतिनियुक्त सभी वीक्षक, केंद्रकर्मी, सुरक्षा बल एवं अन्य कर्मियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाए। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति का प्रवेश परीक्षा केंद्र परिसर में न हो, ताकि सुरक्षा और अनुशासन कायम रखा जा सके।

छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए निर्देश



दिया गया कि सिटिंग प्लान परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार, केंद्र परिसर/मैदान में अलग-अलग तथा प्रत्येक परीक्षा कक्ष के बाहर स्पष्ट एवं पठनीय रूप में चस्पा किया जाए। इससे परीक्षार्थियों को समय पर अपनी कक्षा एवं सीट खोजने में आसानी होगी और अनावश्यक भीड़ या अफरातफरी की स्थिति नहीं बनेगी।

डीडीसी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों से ससमय खैरियत प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। डीईओ को परीक्षा नियंत्रण कक्ष को पूरी तरह सक्रिय रखने तथा सभी केंद्रों से लगातार संपर्क में रहने का निर्देश दिया। किसी भी आपात स्थिति, तकनीकी समस्या या विधि-व्यवस्था से जुड़े मामले में तत्काल सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं का संधारण, परीक्षा संचालन की समय-सारिणी एवं अन्य प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की चूक को गंभीरता से लिया जाएगा।

जानकारी दी गई कि जिले में 03 फरवरी से मैट्रिक परीक्षा की शुरूआत होगी, जो कुल 62 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में कुल 24,528 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा 46 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 22,340 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

डीडीसी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने, संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा परीक्षार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी की सजगता और प्रतिबद्धता से ही जिले में परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराई जा सकती है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## बच्चों व शिक्षकों ने बनाई मानव श्रृंखला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को चास प्रखंड अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट रामरुद्र उच्च विद्यालय, चास के मैदान में एक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तथा विद्यालय परिसर से जोधाडीह मोड़ तक मानव श्रृंखला बनाकर आमलोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ट्रैफिक सिग्नल व नियमों का पालन करने तथा पैदल यात्रियों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया, जिससे कार्यक्रम और प्रभावशाली बना।

अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव को ले मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन-2026 को सफल, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित ढ़ंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला पंचायती राज कार्यालय सभागार में सभी मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक पहलू पर विस्तार से चर्चा करते हुए मतदान प्रक्रिया को लेकर जरूरी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने कहा कि मास्टर ट्रेनर पूरी निर्वाचन प्रक्रिया की नींव होते हैं। प्रशिक्षण सत्र को पूरी गंभीरता से लें और प्रशिक्षण के दौरान उत्पन्न होने वाले छोटे से छोटे संदेह को भी स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि जब मास्टर ट्रेनर पूरी तरह दक्ष होंगे, तभी मतदान कर्मियों को सही प्रशिक्षण मिल सकेगा।

वरीय नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग प्रभाष दत्ता ने कहा कि मास्टर ट्रेनर नगर पालिका निर्वाचन की सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हम बेस हैं - यदि आधार मजबूत होगा तो पूरी निर्वाचन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होगी।

उन्होंने प्रशिक्षण में एकरूपता, स्पष्टता और व्यावहारिक समझ पर विशेष जोर दिया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनरों को मतदान के पूर्वअभ्यास से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

मतदान दल का गठन एवं दायित्वः- मतदान दल के गठन की प्रक्रिया, पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ मतदान अधिकारियों की नियुक्ति तथा उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रत्येक अधिकारी की भूमिका को स्पष्ट करते हुए टीमवर्क के महत्व पर जोर दिया गया।

मतपेटी एवं मतदान सामग्री की जांच प्रक्रियाः- मतपेटी की जांच, सीलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान से पूर्व सभी मतदान सामग्रियों की सूची के अनुसार जांच के बारे में विस्तार से बताया गया। यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि मतदान प्रारंभ होने से पहले किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं रह जाए।

मतपत्र का नमूना एवं भाषा की जानकारीः- प्रशिक्षण के दौरान मतपत्र के नमूने, उसकी भाषा, प्रतीकों तथा प्रत्याशियों के नामों की छपाई से संबंधित जानकारी दी गई। मतदाताओं को सही तरीके से मतदान कराने हेतु मतपत्र की स्पष्ट समझ पर बल दिया गया।

वार्ड पार्षद / सदस्य एवं महापौर / अध्यक्ष के लिए मतपत्रः- वार्ड पार्षद/सदस्य तथा महापौर/अध्यक्ष के लिए अलग-अलग मतपत्रों की पहचान, उनका प्रयोग एवं मतदाता को सही मतपत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।

मतदान केंद्र की व्यवस्था एवं पीठासीन पदाधिकारी के कर्तव्यः- मतदान केंद्र की आंतरिक एवं बाहरी व्यवस्था, मतदाताओं की कतार, गोपनीयता कक्ष, मतपेटी की स्थिति तथा पीठासीन पदाधिकारी के अधिकार एवं कर्तव्यों पर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही अन्य चार मतदान अधिकारियों के कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को भी विस्तार से समझाया गया।

प्रशिक्षण सत्र में वरीय नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, नोडल पदाधिकारी (प्रशिक्षण) अतुल कुमार चौबे, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री परमेश्वर शर्मा, अमन कुमार झा ने निर्वाचन से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए व्यवहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण के अंत में सभी मास्टर ट्रेनरों से यह अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने प्रशिक्षण सत्रों में मतदान कर्मियों को पूरी स्पष्टता, धैर्य एवं जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षित करेंगे, ताकि नगर पालिका निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके।

# अस्पताल कर्मियों ने की निजता की रक्षा की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी, अन्य कर्मचारी तथा सदर अस्पताल में उपचार हेतु आने वाली महिला मरीजों की ओर से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन को संयुक्त ज्ञापन देकर अस्पताल परिसर, महिला कर्मियों व महिला मरीजों की निजता की रक्षा व सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन के साथ कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की अत्यंत गंभीर घटना के पश्चात सुप्रीम कोर्ट के 20 अगस्त 2024 के आदेश, जिसमें अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों, विशेषकर महिला डॉक्टरों व कर्मचारियों की सुरक्षा एवं गरिमा को लेकर पैरा 6, पैरा 7, पैरा 10, पैरा 12 तथा पैरा 17 में पारित अत्यंत स्पष्ट निर्देशों का उल्लेख किया है।

जिसमें सुप्रीम कोर्ट के प्रासंगिक निर्देश के पैरा 6 एवं 7 में न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा राज्य का संवैधानिक दायित्व है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है। वहीं पैरा 10 में यह कहा गया है कि अस्पतालों को केवल उपचार का स्थान नहीं बल्कि सेफ वर्क प्लेस (सुरक्षित कार्यस्थल) के रूप में विकसित किया जाना अनिवार्य है।

पैरा 12 में न्यायालय ने विशेष रूप से महिला डॉक्टरों, इंटर्न एवं महिला स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा



और निजता पर जोर दिया है। पैरा 17 में न्यायालय ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अस्पताल परिसर में ऐसी कोई भी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए जिससे सुरक्षा, गरिमा एवं निजता से समझौता हो।

सदर अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों ने वर्तमान स्थिति एवं समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि उक्त निर्देशों के बावजूद यह अत्यंत चिंताजनक है कि सदर अस्पताल से सटे बार एसोसिएशन के कुछ सदस्यों द्वारा यह मांग की जा रही है कि उनके कार्यालय में आवागमन सदर अस्पताल परिसर के अंदर से किया जाए। इससे अस्पताल परिसर में बाहरी व्यक्तियों की अनियंत्रित आवाजाही होगी, महिला डॉक्टरों, नर्सों एवं महिला मरीजों की सुरक्षा पर प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न होगा। महिला मरीजों एवं कर्मियों की निजता (प्राइवेसी) का गंभीर हनन होगा। सदर अस्पताल परिसर में ए.एन.एम. होस्टल व प्रशिक्षण सेंटर भी है। बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही से उनकी सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न होगा। जो माननीय सुप्रीम कोर्ट के उपर्युक्त पैरा 6, 7, 10, 12 एवं 17 की भावना के सर्वथा विपरीत है।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने निवेदन और मांग की है कि बार एसोसिएशन के सदस्यों का सदर अस्पताल परिसर के भीतर से आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। उन्हें जो लगभग 6 फीट चौड़ा वैकल्पिक मार्ग पूर्व में उपलब्ध कराया गया है, उसी मार्ग से आने-जाने का स्पष्ट एवं लिखित निर्देश निर्गत किया जाए।

अस्पताल परिसर को केवल मरीजों, सीमित अटेंडेंट, अधिकृत अस्पताल कर्मियों तक सीमित रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए महिला कर्मियों एवं महिला मरीजों की सुरक्षा व निजता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।?ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि सदर अस्पताल एक संवेदनशील व सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान है। यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं उपचार हेतु आती हैं तथा महिला कर्मी नाइट ड्यूटी सहित सेवाएं प्रदान करती हैं। ऐसी स्थिति में अस्पताल परिसर के भीतर बाहरी संस्थाओं के नियमित आवागमन की अनुमति देना सुरक्षा पर सीधा प्रहार एवं निजता का स्पष्ट उल्लंघन होगा। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भावना के अनुरूप इस विषय में उचित, त्वरित एवं निर्णायक कार्रवाई करेंगे।

# यूजीसी एक्ट के खिलाफ चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी कॉलेज के परिसर में छात्र नेता युगदेव महथा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वर्तमान संशोधनों और नीतियों के विरोध में एक विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इस अभियान में कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी आवाज बुलंद की। जिसमें विशाल शर्मा अजय शर्मा प्रोफेसर रेणु देवी, विवेक शर्मा रितेश चौधरी राकेश शर्मा मुकेश शर्मा विवेक शर्मा अभिषेक महथा राहुल माहथा विजय चौधरी समेत सैकड़ों बुद्धिवी एवं छात्रों ने हस्ताक्षर किया ओर ये अभियान तब तक चलेगा जब तक ये एक्ट पूरी तरह से निरस्त न कर दिया जाए।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर डीडीसी ने की सुनवाई

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 10 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। निदेशानुसार जनता दरबार का आयोजन आज सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी किया गया, जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई।

# समन्वय के साथ कोषांगों के पदाधिकारी करें काम : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** नगर पालिका आम निर्वाचन - 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से डीपीआरसी भवन सभागार में निर्वाचन से जुड़े सभी कोषांगों की एक समेकित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने की। बैठक में सभी कोषांगों के वरीय, नोडल एवं सहयोगी पदाधिकारी - कर्मी आदि उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक साझा दायित्व है, जिसे आपसी समन्वय एवं पारदर्शिता के साथ ही सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कोषांग अपने-अपने दायित्वों का ससमय निष्पादन करें तथा सभी महत्वपूर्ण कार्यों एवं निर्णयों की जानकारी वरीय एवं नोडल पदाधिकारी को अनिवार्य रूप से लूप में रखें। बैठक में उपस्थित एसी मो. मुमताज अंसारी ने सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों से आह्वान किया कि वे अब ईलेक्शन मोड में कार्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य संवैधानिक दायित्व है, जिसे ईमानदारी, निष्पक्षता एवं प्रतिबद्धता के साथ निभाना प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान सभी कोषांगों के वरीय, नोडल एवं प्रभारी/सहयोगी पदाधिकारियों ने अपने-अपने कोषांग से संबंधित कार्य-दायित्वों, अब तक की तैयारियों तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। अन्य कोषांगों से अपेक्षित सहयोग, आपसी निर्भरता एवं समन्वय से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर बाधा उत्पन्न नहीं हो।बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि चुनाव से संबंधित सभी कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना सुनिश्चित करें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें।

# महिला का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** महिला का शव बरामद मामले में एसपी ने बड़ा बयान दिया है, उन्होंने कहा कि इस मामले में दुष्कर्म के बाद हत्या से इनकार नहीं किया जा सकता है। सेक्टर 6 थाना क्षेत्र के बीएस सिटी कॉलेज और कब्रिस्तान के बीच झाड़ियों से लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न अवस्था में पुलिस ने शव बरामद किया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद बोकारो के एसपी हरविंदर सिंह खुद जांच करने मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस घटना में दुष्कर्म के बाद हत्या से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिला के चेहरे को पूरी तरह से कुचल दिया गया है ।

इस मामले की फॉरेंसिक जांच के लिए रांची से टीम मंगाई गई है ।

खोजी कुत्ते से भी अपराधियों का सुराग लगाने का काम किया जा रहा है, जिस जगह पर महिला का शव पाया गया है वहां कपड़ा चप्पल भी पड़ा हुआ है। हमारी प्राथमिकता महिला की पहचान करना है।

# शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता को किया नमन

## छात्रों ने गांधी जी के सिद्धांतों और आदर्शों को अपनाने का लिया व्रत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोकारो।** डीएवी सेक्टर-4 के प्रांगण में एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर विद्यालय के समस्त छात्रों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य,समस्त शिक्षकवृंद एवं छात्रों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी छात्रों से उनके सत्य और अहिंसा संबंधी विचार, उनके आदर्शों, और स्वतंत्रता के समर में उनके योगदान, बलिदान, नेतृत्व और कृतित्व को सदैव स्मरण रखने व उनके आदर्शों और जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने 1 फरवरी (रविवार) को विद्यालय में आयोजित होने वाले सत्र 2025-26 के वार्षिकोत्सव की भव्यता और सारगर्भिता के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव मात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम का विहंगम मंचन ही नहीं अपितु मुख्य आकर्षण विद्यालय के पूर्व छात्र एवं युवा नवोदित अभिनेता इमरान जाहिद ( फिल्म -₹अब दिल्ली दूर नहीं₹ ) के द्वारा बच्चों को संबोधित भी किया जान है। बीएसएल प्रबंधन के डायरेक्टर इंचार्ज प्रिय रंजन की गरिमामय उपस्थित कार्यक्रम को एक और नव आयाम प्रदान करेगी।कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकवृंद को भी सम्मानित करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा इसके अतिरिक्त सत्र 2024-25 के सभी आउटस्टैंडिंग रैंक होल्डर्स को भी पुरस्कृत करने का प्रावधान रखा गया है।

# डीडीसी ने की ऑन द स्पॉट अबुआ आवास की अनुशंसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने धनबाद प्रखंड अंतर्गत दामोदरपुर एवं धोखरा पंचायत का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने आवास प्लस 2024 के अंतर्गत सर्वेक्षित परिवार के घरों का सत्यापन व जांच की। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक महिला का घर अत्यंत जर्जर अवस्था में है। उन्होंने महिला से बातचीत की। बातचीत के क्रम में पता चला कि महिला के पति ने उसे छोड़ दिया है और वह अकेले ही लंबे समय से उक्त जर्जर घर में अकेली रहती है। इस पर त्वरित संज्ञान लेकर उप विकास आयुक्त ने ऑन द स्पॉट महिला को अबुआ आवास देने की अनुशंसा की। इसके बाद उन्होंने दामोदरपुर के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं पंचायत भवन का भ्रमण किया। मौके पर जिला समन्वयक सुशांत कुमार, संबंधित प्रखंड के प्रखंड समन्वयक एवं संबंधित पंचायत के पंचायत सेवक, सत्यापन कर्ता तथा मुखिया उपस्थित थे।

# बीएसएल में बेस्ट गार्डन प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न उद्यानों का मूल्यांकन प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में बेस्ट गार्डन प्रतियोगिता के अंतर्गत संयंत्र परिसर में स्थित पंजीकृत उद्यानों के मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में बीएसएल अधिकारियों की एक समिति द्वारा आरजीबीएस विभाग में स्थित सहगान-उद्यान का निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि संयंत्र परिसर में स्थित पंजीकृत उद्यानों के मूल्यांकन हेतु एक समिति का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएँ) अरविंद कुमार द्वारा किया जा रहा है। समिति संयंत्र परिसर में स्थित सभी पंजीकृत उद्यानों का चरणबद्ध रूप से मूल्यांकन कर अपनी रिपोर्ट अधिशासी निदेशक (संकार्य) को प्रस्तुत करेगी।

सहगान-उद्यान के निरीक्षण के दौरान आरजीबीएस विभाग के सहायक महाप्रबंधक नंद कुमार ने समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए उद्यान की विशेषताओं तथा उसके रख-रखाव हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर आरजीबीएस विभाग के महाप्रबंधक सह विभागीय सुरक्षा अधिकारी



एन. नागेश रामटेके, सहायक महाप्रबंधक एस. देव शीलभद्र, सहायक महाप्रबंधक अभिषेक कुमार, वरीय प्रबंधक प्रवीण कुमार, चितरंजन राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान समिति सदस्यों ने उद्यान में लगाए गए विभिन्न प्रकार के पुष्प पौधों के साथ-साथ फलदार एवं छायादार वृक्षों का अवलोकन किया। साथ ही उद्यान की रचनात्मकता, औद्योगिक वातावरण के अनुरूपता, रख-रखाव, स्वच्छता तथा समग्र प्रस्तुति जैसे निर्धारित मानकों के आधार पर उसका मूल्यांकन किया।

समिति ने उद्यान की साज-सज्जा एवं प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए आरजीबीएस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिकों द्वारा किए जा रहे सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की।

### बीएसएल में जल प्रबंधन विभाग द्वारा पंप हाउस संख्या- का जीर्णोद्धार

बोकारो इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग द्वारा पंप हाउस संख्या-5 के अंतर्गत स्थित जल शुद्धीकरण संयंत्र में किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक पंप हाउस संख्या‍5 के प्रांगण में आयोजित की गई। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएँ) अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) प्रकाश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल सेल) अजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (यूटिलिटीज) संजीव रंजन सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य जीर्णोद्धार कार्यों का समग्र निरीक्षण एवं समीक्षा करना था। जीर्णोद्धार कार्यों के अंतर्गत क्लैरिफायर-1 एवं क्लैरिफायर-2 के साथ-साथ पंप हाउस संख्या-5 की विभिन्न इकाइयों में संरचनात्मक मरम्मत, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार, क्षतिग्रस्त भागों का पुनर्निर्माण, जल प्रवाह प्रणाली का सुदृढ़ीकरण तथा संपूर्ण परिसर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इन कार्यों के पूर्ण होने से जल शुद्धीकरण प्रक्रिया अधिक सुचारु, प्रभावी एवं विश्वसनीय होगी, जिससे जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार अपेक्षित है।

गौरतलब है कि यह जीर्णोद्धार कार्य मुख्य महाप्रबंधक (यूटिलिटीज) संजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में जल प्रबंधन विभाग के अधिकारी ई. मिंज, हिमांशु शेखर, शरद गंगवार, राजेश कुमार, राजीव कुमार, फिलिप किस्कू, अंकित कुमार, मनोज कुमार, परिमल ओझा तथा श्री बैद्यनाथ राम के सतत प्रयासों से संपन्न किया जा रहा है। इस कार्य में सीईडी विभाग का विशेष सहयोग भी उल्लेखनीय है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK